दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 247 | जयपुर | शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# पूर्व अग्निवीरों को सीआईएसएफ, बीएसएफ में 10% आरक्षण

## पहले बैच को आयु सीमा में 5 साल की छूट मिलेगी; फिजिकल टेस्ट नहीं देना होगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** अग्निवीर पर केंद्र सरकार के फैसले के 2 साल बाद सीआईएसएफ और बीएसएफ ने गुरुवार को पूर्व अग्निवीरों को 10% आरक्षण देने का ऐलान किया। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही नियम लागू किए जाएंगे।

बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल और सीआईएसएफ डीजी नीना सिंह ने यह जानकारी दी। दरअसल 18 जून 2022 को गृह मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें कहा था कि सीएपीएफ और असम राइफल्स में पूर्व अग्निवीरों को 10% आरक्षण दिया जाएगा। सीएपीएफ के अंतर्गत बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ ऑर्म्ड आती हैं।

### सीआईएसएफ बोली, पहले बैच में 5 साल तो अगले बैच में 3 साल की छूट

सीआईएसएफ डीजी नीना सिंह ने कहा, भविष्य में कॉन्स्टेबलों की सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10% नौकरियां आरक्षित की जाएंगी। फिजिकल टेस्ट नहीं देना होगा। उम्र में छूट दी जाएगी। पहले बैच को आयु में छूट 5 साल रहेगी, लेकिन अगले बैच से ये छूट केवल 3 साल की होगी। बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा, अग्निवीर योजना से जवानों को 4 साल का अनुभव मिला है। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित हो चुके हैं। ये बीएसएफ के लिए बहुत अच्छा है। ट्रेनिंग के बाद, सिलेक्टेड अग्निवीरों को सीमा पर तैनात किया जाएगा।

सरकार ने 2022 में अग्निपथ स्कीम लॉन्च की थी। इसके तहत आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में चार साल के लिए नौजवानों को कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती किया जाता है। 4 साल में छह महीने की ट्रेनिंग भी शामिल है। चार साल बाद अग्निवीरों को उनकी कार्यक्षमता के आधार पर रेटिंग दी जाएगी। इसी मेरिट के आधार पर 25त्न अग्निवीरों को परमानेंट सर्विस में लिया जाएगा। बाकी लोग वापस सिविल दुनिया में आ जाएंगे।

इस स्कीम में ऑफिसर रैंक के नीचे के सैनिकों की भर्ती होगी। यानी इनकी रैंक पर्सनल बिलो ऑफिसर रैंक यानी पीबीओआर के तौर पर होगी। इन सैनिकों की रैंक सेना में अभी होने वाली कमीशंड ऑफिसर और नॉन-कमीशंड ऑफिसर की नियुक्ति से अलग होगी। साल में दो बार रैली के जरिए भर्ती की जाएगी।

अग्निवीर बनने के लिए 17.5 साल से 21 साल का होना जरूरी है। साथ ही कम से कम 10वीं पास होना जरूरी है। 10वीं पास भर्ती होने वाले अग्निवीरों को 4 साल की सेवा पूरी करने के बाद 12वीं के समकक्ष सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

# सीबीआई ने मास्टरमाइंड रॉकी को किया गिरफ्तार, मिली 10 दिन की रिमांड



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नीट पेपर मामले में सीबीआई ने राकेश रंजन के सहयोगी रॉकी को नालंदा (बिहार) से गिरफ्तार किया है। रॉकी पटना में सीबीआई की सक्षम अदालत के सामने पेश हुआ और उसे 10 दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में सीबीआई ने पटना और कोलकाता समेत चार जगहों पर छापेमारी की। राकेश (रॉकी) को उसके आईपी पते और ईमेल पते के माध्यम से पता लगाने के लिए सीबीआई द्वारा उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के बाद, जांच एजेंसी ने पटना और कोलकाता में उनसे जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली, जिससे कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। इससे पहले मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट पेपर लीक मामले में नालंदा और गया से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से एक ह्श्वश्वञ्ज-त्न अभ्यर्थी सनी है जो नालंदा का रहने वाला है और दूसरा एक अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार का पिता है जो गया का रहने वाला है। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने अब तक बिहार एनईईटी-यूजी पेपर लीक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और गुजरात के लातूर और गोधरा में कथित हेरफेर के सिलसिले में एक-एक और सामान्य साजिश के सिलसिले में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

## बीजेपी पर भड़कीं ममता बनर्जी, लगाया बंगाल को बदनाम करने का आरोप

**नई दिल्ली.** टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को उत्तर 24 परगना जिले के अरियाधा में भीड़ के हमले की हालिया घटना पर राज्य को कथित रूप से बदनाम करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मीडिया के एक वर्ग की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दो साल पुरानी घटना, जिसका एक वीडियो क्लिप वायरल हुआ था, तब हुई थी जब अर्जुन सिंह बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद थे।ममता ने टीवी चैनलों के एक वर्ग पर विधानसभा उपचुनाव से पहले भाजपा के इशारे पर पुरानी घटना को बार-बार दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मीडिया का एक वर्ग और बीजेपी बंगाल में बीजेपी को मिली हार के लिए अपने डैमेज कंट्रोल के तहत राज्य को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

# विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने सरकार की तारीफ की

## पाली विधायक बोले-दीया कुमारी और सीएम को सैल्यूट

## भाजपा विधायकों ने सरकार को घेरा





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की विधानसभा में गुरुवार को दिलचस्प नजारे देखने को मिले। जहां प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान भाजपा विधायकों ने सरकार को जमकर घेरा, वहीं बजट बहस के दौरान कांग्रेस विधायकों ने सरकार के बजट की खूब तारीफ की। पाली विधायक भीमराज भाटी ने तो बजट के लिए सीएम और डिप्टी सीएम दीया कुमारी को सैल्यूट तक कर दिया।

बजट बहस के दौरान भजन मंडली का जिक्र भी हुआ। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले- यह भजन मंडली सदन में माहौल बिगाड़ती है। बजट बहस के दौरान बीजेपी विधायक को टोकने पर कुछ देर हंगामे के हालात बन गए। मारवाड़ जंक्शन से बीजेपी विधायक केसाराम चौधरी बजट की तारीफ करते हुए कांग्रेस राज की खामियों का जिक्र कर रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस विधायकों ने टोका। इस पर उन्होंने कहा कि अगर इस तरह टोका गया तो मैं किसी को नहीं बोलने दूंगा।

राजाखेड़ा से कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने केंद्र से पहले राज्य का बजट पेश करने पर सवाल उठाए। बोहरा ने कहा कि राज्य सरकार को बजट पेश करने की ऐसी भी क्या जल्दी थी, कम से कम केंद्र सरकार का बजट तो पहले आने देते। आपका 46 फीसदी रेवेन्यू जीएसटी और केंद्रीय करों से आता है, उसमें आप कुछ नहीं कर सकते। अगर केंद्र सरकार कोई योजना शेयरिंग वाली लेकर आई तो आप पैसा कहां से दोगे। बोहरा ने कहा-ग्रामीण विकास का बजट 1000 करोड़ रुपए घटा दिया है। 650 करोड़ की शहरी मनरेगा 350 करोड़ की कर दी और आप वाहवाही की उम्मीद कर रहे हो। राजस्थान में इस बजट से कोई विकास नहीं होगा। एमनेस्टी के नाम पर सरकार खेला कर रही है।

बीजेपी विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस राज में कई योजनाओं में घपले हुए। जल जीवन मिशन में जिस तरह से कांग्रेस राज के दौरान घपला हुआ, उसकी अभी जांच चल रही है। यह जांच अगर सही दिशा में आगे बढ़ी और ऐसे ही चलती रही तो कांग्रेस के कई नेता आगे आने वाले दिनों में जेल में होंगे। कांग्रेस राज में बजट के दौरान की गई घोषणाएं जमीन पर नहीं उतरीं।

इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण में देरी सरकार को घेरा। वहीं, श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि एक तरफ तो सरकार जनसंख्या नियंत्रण की बात करती है, वहीं ऐसे क्षेत्रों में कम जनसंख्या का हवाला देते हुए सड़क-हॉस्पिटल भी नहीं बनाती है।

शून्यकाल में बीजेपी विधायक जेठानंद व्यास ने प्राइवेट बिजली कंपनियों की मनमानी का मामला उठाया। व्यास ने बीकानेर में बीकेसीएसल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जनता को परेशान करने का आरोप लगाया।

### कांग्रेस ने सदन से किया वॉकआउट

प्रश्नकाल के दौरान महिला अत्याचारों और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदिवासियों के डीएनए की जांच वाले बयान को लेकर कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- दिलावर ने अपने बयान के लिए कोई माफी नहीं मांगी है। ऐसे में लगता है कि उन्हें अपने बयान पर कोई पछतावा नहीं है। दिलावर को विपक्ष सदन में नहीं सुनेगा। उनकी माफी मांगने और मंत्री पद से हटाने तक उनका इसी तरह विरोध किया जाएगा।

### 29 को विधानसभा में पास होगा बजट

गुरुवार की बहस के बाद विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। अब शुक्रवार, सोमवार और मंगलवार को तीन दिन और बहस होगी। मंगलवार को बहस का सरकार की तरफ से जवाब आएगा। विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति ने 29 जुलाई तक विधानसभा का कामकाज तय कर दिया है। 29 को विधानसभा में राजस्थान का बजट पास होगा। 17 जुलाई को विधानसभा नहीं चलेगी। 18 जुलाई से अलग-अलग विभागों की अनुदान मांगों पर बहस होगी। हर दिन बहस के बाद मंत्री बहस का जवाब देंगे। 8 दिन तक विधानसभा में अलग अलग विभागों की अनुदान मांगों पर बहस होगी।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- बिजली पर हाहाकार मचा, स्पीकर ने कहा- समस्या पुरानी

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पूरे प्रदेश में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। बिजली नहीं आ रही है। स्पीकर ने कहा कि यह समस्या पुरानी है। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा- प्राइवेट बिजली कंपनियों की मनमानी की शिकायतों की कमेटी बनाकर जांच करवाएंगे, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करेंगे। बीकानेर की जो फ्रेंचाइजी कंपनी है, उसको पीपीपी मोड पर 2017 से बीकानेर में बिजली का काम दिया हुआ है। इस कंपनी को पहले भी नोटिस दिया जा चुका है कि अपने काम में सुधार करें। जुलाई में ही नोटिस दिया गया है अगर फिर भी सुधार की संभावना नहीं है और राजनीतिक दबाव से कोई काम हो रहा है और कंपनी ठीक से काम नहीं कर रही है तो हम उसके खिलाफ एक्शन लेंगे। मंत्री ने कहा- एक कमेटी बनाकर उनकी जांच कराई जाएगी। कंपनी 2017 से काम कर रही है, कंपनी को जो इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलप करना चाहिए था, वह नहीं किया। चारों जगह प्राइवेट कंपनी काम कर रही है। अजमेर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर में प्राइवेट कंपनियों को बिजली वितरण का काम दिया था, चारों जगह जांच करवाई जाएगी।

## सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई से जस्टिस संजय कुमार हटे

### निजी कारणों का हवाला दिया; सुप्रीम कोर्ट की नई बेंच अब 15 जुलाई को सुनवाई करेगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार ने गुरुवार (11 जुलाई) को आप नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। दिल्ली शराब नीति मामले में सिसोदिया की याचिका पर आज सुनवाई होनी थी। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संजय कुमार की बेंच सुनवाई करने वाली थी। हालांकि, जैसे ही मामला सुनवाई के लिए रखा गया, जस्टिस खन्ना ने कहा, हमारे भाई (जस्टिस संजय कुमार) को कुछ दिक्कत है। वह निजी कारणों के चलते इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते। अब 15 जुलाई को दूसरी बेंच मामले की सुनवाई करेगी। जस्टिस संजय कुमार इसका हिस्सा नहीं होंगे। सिसोदिया ने शराब नीति घोटाले से जुड़े प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) केस में जमानत पर पुनर्विचार को लेकर दो अलग-अलग याचिकाएं लगाई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 4 जून को जमानत से इनकार किया था-दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 4 जून को सिसोदिया की जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सिसोदिया ने इस पर दोबारा विचार करने को लेकर याचिका लगाई थी।




# पाकिस्तान में सऊदी एयरलाइंस के प्लेन में आग लगी : पेशावर में इमरजेंसी लैंडिंग, 10 घायल; आपातकालीन दरवाजे से निकाले गए लोग



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट में पाकिस्तान के पेशावर एयरपोर्ट पर गुरुवार को आग लग गई। इसमें 10 लोग जख्मी हो गए। हादसा तब हुआ जब विमान लैंड कर रहा था। यात्रियों और केबिन क्रू के सभी सदस्यों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला गया। फ्लाइट रियाद से पेशावर आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक लैंडिंग गियर में कुछ खराबी के चलते ये हादसा हुआ। हालांकि अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### विमान में 276 यात्री और 21 क्रू मेंबर थे

सऊदी एयरलाइंस 792 में 276 यात्री सवार थे। इसके अलावा 21 क्रू मेंबर थे। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के मुताबिक, लैंड होने के बाद विमान से धुआं निकलता दिखाई दिया। इसके बाद पायलट को इसकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही फायर एंड रेस्क्यू सर्विस को भी इन्फॉर्म किया गया। आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आनन-फानन में इस आग को बुझाया गया। विमान से सभी यात्रियों और क्रू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### अमेरिका में भी हादसा हुआ, फ्लोरिडा से फोनिक्स जा रहे प्लेन का टायर फटा

अमेरिका के टैंपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। अमेरिकी एयरलाइंस फ्लाइट 590 का दाहिना टायर टेक ऑफ करते वक्त ब्लास्ट कर गया। इस दौरान विमान में 176 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। विमान के उड़ने से पहले ये घटना हुई जिसके बाद ऐन मौके पर इसे रोक लिया गया जिससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। ये विमान फ्लोरिडा से फोनिक्स जा रहा था। अमेरिकी एयरलाइंस ने एनबीसी न्यूज से को बताया, टायर के पास चिंगारी निकलने से हादसा हुआ। टैंपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने कन्फर्म किया कि ये हादसा बुधवार सुबह 8 बजे (स्थानीय समय) हुआ। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि विमान का दाहिना टायर फटने के बाद, पहिया खुलकर बाहर निकल गया। इसके बाद वहां से चिंगारी निकलने लगी, जिसके बाद धुआं फैल गया।एक पहिया टूटकर अलग हो जाने के बाद भी विमान दो पहियों के सहारे दौड़ता रहा।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# जयपुर के उत्पादों को अमेरिका व यूरोप में स्थान दिलाया जाए -डॉ. सौम्या गुर्जर





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गुरुवार को दिनांक 11/07/2024 को श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पार्क में ऑर्गनिक फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑफ़ इंडिया की महासचिव मोनिका गुप्ता के निमंत्रण पर नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ0 सौम्या गुर्जर ने भ्रमण व अवलोकन किया । इस अवसर पर स्वयं मोनिका गुप्ता ने उनका व साथ में आये सांगानेर नगर निगम आयुक्त डॉ0 गोवर्धन लाल शर्मा, नगर आयुक्त रुक्मणि देवी व नगर उपायुक्त नवीन भारद्वाज का भारतीय परंपरा से स्वागत व अभिनन्दन किया । जैविक वन औषधीय पार्क में पधारने पर महापौर ने जीवंत रूप में लाख, गाय के गोबर व फूलों की पत्तियों के मिश्रण से चूड़े बनते हुए देखे तो जयपुर की संस्कृति के इस स्वरुप को बहुत सराहा । उन्होंने मौजूद मनिहारों के बैठकर चूड़े बनाने की कला को देखा व सीखा । महापौर ने लाख व गोबर से बनने वाले चूड़े को विभिन्न रंगों में उकेरने की कला को भी बहुत आश्चर्य पूर्वक देखा । जैविक वन औषधीय पार्क में इस मौके पर महापौर ने अखिल भारतीय गौशाला परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता से भी भेंट की तथा गाय के गोबर से बनने वाले विभिन्न अन्य उत्पादों जैसे कि दीपक, गोकास्ट, केंचुआ खाद, धूपबत्ती, वॉल पेंटिंग आदि के बारे में समस्त जानकारी से अवगत कराया कि कैसे गौशालाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बना सकते हैं । डॉ0 अतुल गुप्ता ने इस अवसर पर जैविक खेती की बारे में जानकारी के द्वारा हर आदमी के निरोगी रहने की अवसरों के बारे में भी बताया । महापौर ने इस अवलोकन के बाद बताया कि महिलाओं के द्वारा किये जा रहे इन उल्लेखनीय हस्त शिल्प कार्यों की भूरी-भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि इन प्रकल्पों को तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका,यूरोप, यू0 के0, फ्रांस, कनाडा आदि देशों को निर्यात कर स्थान दिलाया जायेगा । अपने भ्रमण के अंतिम पड़ाव में महापौर, आयुक्त, उपायुक्त व अन्य अधिकारियों ने जैविक भोजन का आनंद भी लिया तथा अपनी संस्कृति से लोगों के जुड़ाव को विश्व पटल पर ले जाने पर जोर दिया ।

## एटीएम मशीन से छेड़खानी कर नकदी चोरी करने वाले आए पुलिस गिरफ्त में



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम मशीन से छेडखानी कर नकदी चोरी करने वाले दो शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और साथ ही वारदात में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपी हरियाणा की एटीएम मशीनों से नकदी चोरी करने वाले गैंग के सदस्य है। जिन्होंने राजस्थान,हरियाणा,मध्य प्रदेश में कई जगह बैंक एटीएम की मशीनों से नकदी चोरी करने की वारदात को अंजाम दे चुके है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि नाहरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम मशीन से छेडखानी कर नकदी चोरी करने वाली हरियाणा गैंग के सदस्य साकिर हुसैन उर्फ भाई और मुनफेद उर्फ कोडाजमील उर्फ बशड को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपी नूह जिला मेवात (हरियाणा) के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित स्मैक का नशा करने के आदि है और जो अपने गांव से जयपुर आकर होटल में ठहरते है। फिर दुपहिया वाहन किराए पर लेकर जयपुर शहर में स्थित बैंक एटीएमों को चिन्हित करते है। इसके बाद एटीएम मशीन से लोहे के उपकरणों का उपयोग कर छेडछाछ कर वारदात को अंजाम देते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## अंबेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना से दलितों की बस्तियों का होगा विकास :चौहान

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार की ओर से बुधवार को पेश किए गए बजट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा एससी वर्ग की बस्तियां का विकास करने के लिए बाबा साहब आंबेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना की अनूठी सौगात दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान ने बताया कि भाजपा सरकार की ओर से पेश किया गया बजट हर वर्ग को साधने वाला बजट है इस बजट में सभी वर्ग के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का समावेश किया गया जिसमें बाबा साहब आंबेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना एक अनोखी योजना साबित होगी इस योजना के तहत ग्राम पंचायतो में एससी की बस्तियो में सड़के पानी व साफ - सफाई का विशेष पैकेज होने की बात कही है ।साथ ही अनुसूचित जाति जनजाति को रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने का पैकेज दिया गया है जिसमें स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और एमएससी योजना में एससी वर्ग को नए पुराने उद्योग इकाइयों को चालू करने पर लोन सब्सिडी मिलने की बात कही ।जिससे युवा वर्ग स्वरोजगार की ओर बढ़ेगा।

## सफाई योद्धा से निगम स्वास्थ्य निरीक्षक ने मांगी अस्मत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नगर निगम हेरिटेज में कार्यरत एक सफाई योद्धा से स्वास्थ्य एसआई द्वारा अस्मत मांगने का मामला सामने आया है। ऐसा नहीं करने पर आरोपी ने उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी। पीडिता ने इस सम्बंध में संजय सर्किल थाने में मामला दर्ज करवाया है। जांच एएसआई करण सिंह ने बताया कि चांदपोल निवासी 42 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि वह हेरिटेज निगम में सफाई योद्धा के पद पर कार्यरत है। पिछले दो माह से स्वास्थ्य निरीक्षक जोनी बेनीवाल उसे प्रताड़ित कर रहा है। गंदा काम करने के लिए दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर उसे नौकरी से निकालने की धमकी देता है। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सफाई योद्धा सफाई काम में लापरवाही बरत रही थी। वह न तो समय पर काम पर आती थी और न ही सफाई का काम करती थी। इसको लेकर स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा उसे कई बार टोंकने की बात सामने आ चुकी है। लगातार ऐसी लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य निरीक्षक ने महिला को नोटिस जारी कर दिया।

## चेन स्नेचरों ने दो महिलाओं को बनाया शिकार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शहर में चेन स्नेचिंग के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। जवाहर सर्किल थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। पुलिस के अनुसार विष्णुपुरी गेटोर निवासी आबिदा बैगम ने मामला दर्ज करवाया कि 9 जुलाई को वह बाजार जा रही थी। श्री जी मार्ट गेटोर के पास पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। बदमाशों ने हेलमेट पहना हुआ था। पीडिता इस अप्रत्याशित घटना में कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। पुलिस ने घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## बजट घोषणाओं ने राजस्थान के विकास एवं उद्योग को एक नया रुख : ललिता कुच्छल



**जयपुर ( का.स. )।** फोर्टी वूमेन विंग की जनरल सेक्रेटरी ललिता कुच्छल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी के बजट घोषणाओं ने राजस्थान के विकास एवं उद्योग को एक नया रुख देना सुनिश्चित किया है जो सराहनीय है। फोर्टी द्वारा दिए गए अधिकांश सुझावों को बजट में शामिल किए जाने पर हम सरकार का आभार व्यक्त करते है ,महिला उद्यमियों के लिए सिंगल विंडो की डिमांड हम काफी लंबे समय से करते आ रहे है इस बार बजट में इसे पूरा किया गया है। इससे महिला उद्यमियों को एक मंच पर सभी जानकारी मिल पाएगी। ये सराहनीय कदम है लेकिन इस घोषणा का धरातल पर भी उतरना जरूरी है। इसके साथ ही महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्कील डवलमेंट से जुड़ी घोषणाएं भी स्वागत योग्य हैं।

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25

# 751 करोड़ रूपये के आरओबी/फ्लाईओवर व सड़कों को जल्द दिया जायेगा मूर्त रूप - जेडीसी

### 1500 करोड़ रूपये की दो ऐलिवेटेड रोड हेतु शीघ्र तैयार करवाई जायेगी डीपीआर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की बजट घोषणा वर्ष 2024-2025 में शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित विकास हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 751 करोड रूपये में से 676 करोड रूपये के आरओबी/फ्लाईओवर की कंसलटेंसी हेतु निविदाएं आमंत्रित की जायेंगी, 75 करोड रूपए से सेक्टर सड़कों का निर्माण एवं चौराहों का यातायात की दृष्टि से सुधारीकरण एवं 1500 करोड रूपये की दो ऐलिवेटेड रोड हेतु डीपीआर तैयार करवाई जायेगी।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट्स को समयबद्ध रूप से माननीय नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देषन में पूर्ण करने हेतु बैठक आयोजित हुई।

जेडीसी ने उक्त प्रोजेक्ट्स की प्रषासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु कार्यवाही तत्काल रूप से शुरू करने के निर्देष दिये। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि बजट घोषणा की अनुपालना में जेडीए द्वारा अम्बेडकर सर्किल, ओ.टी.एस. से जवाहर सर्किल तक तथा कलेक्ट्रेट सर्किल से राजमहल पैलेस हौटल चौराहे तक दो ऐलिवेटेड रोड की डीपीआर तैयार करवाई जायेंगी। जेडीसी ने बताया कि आरओबी/फ्लाईओवर/ ऐलिवेटेड रोड/सडकों हेतु समयबद्ध कार्य करने हेतु साप्ताहिक बैठक एवं शीघ्र कंसलटेंसी की निविदाएं आमंत्रित की जायेंगी। जुलाई माह में कंसलटेंसी हेतु निविदाएं आमंत्रित कर अगस्त माह में कंसलटेंट नियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर में 3 करोड रूपये की लागत से टोंक रोड से फागी रोड (30 किमी.) के मध्य सड़क निर्माण कार्य हेतु फिजीबिलिटी एवं डीपीआर का कार्य करवाया जायेगा। 50 करोड़ रूपए की लागत से जयपुर क्षेत्र में सेक्टर सड़कों का निर्माण कार्य एवं 25 करोड करोड की लागत से चौराहों का यातायात की दृष्टि से सुधारीकरण कार्य करवाया जायेगा।



**प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत निम्नानुसार है -**

जयपुर में सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प तक 170 करोड की लागत से ऐलिवेटेड रोड, सहकार मार्ग, इमली फाटक पर 65 करोड की लागत से फ्लाईओवर, जयपुर में रिद्धि-सिद्धि, गोपालपुरा पर 72 करोड की लागत से फ्लाईओवर, महिन्द्रा सेज, जयपुर के पास 250 फीट एवं 200 फीट सड़क के इंटरसेक्षन पर 90 करोड की लागत से फ्लाईओवर, पृथ्वीराज नगर दक्षिणी क्षेत्र में वन्दे मातरम सड़क पर पत्रकार कॉलोनी जंक्शन पर पर 98 करोड की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण, जयपुर में सीबीआई/इंडुनी फाटक एल.सी. 214 पर 95 करोड की लागत से आरओबी एवं सालीग्रामपुरा फाटक एल.सी. 67 पर 86 करोड की लागत से आरओबी।

## सब इंस्पेक्टर पेपर लीक मामले में ट्रेनी एसआई की जमानत खारिज

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक से जुड़े मामले में ट्रेनी सब इंस्पेक्टर डालूराम मीणा की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर दिए। अदालत ने कहा कि मामले की गंभीरता और अनुसंधान को देखते हुए आरोपी को केस की इस स्टेज पर जमानत का लाभ देना उचित नहीं है। जमानत याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता निर्दोष है और जांच में उसके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। मामले में दर्ज एफआईआर में पुलिस ने तथ्यों को सत्यापित किए बिना आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे याचिकाकर्ता को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मामले में एसओजी जांच पूरी कर चुकी है, जिसमें भी याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। इसके अलावा मुकदमे का ट्रायल पूरा होने में लंबा समय लगने की संभावना है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

## एसओजी की कार्रवाई: एचपीसीएल पेट्रोल पंप की दीवार से पास पाइप से क्रूड ऑयल चुराने वाले गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए ब्यावर के बर गांव में एचपीसीएल पेट्रोल पंप की दीवार से पास पाइप से क्रूड ऑयल चुराने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि 13 फरवरी 2024 को आईओसीएल ब्यावर अधिकारी (वरिष्ठ अनुरक्षण प्रबंधक) शेर सिंह चौहान ने एसओजी में मामला दर्ज करवाया था कि इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के भूमिगत पाइप लाइन पानीपत से पैट्रोलियम पदार्थ की बर गांव में एचपीसीएल पेट्रोल पंप की दीवार के पास पाईप लाईन में छेद करके सुरंग बनाकर क्रूड ऑयल की चोरी हो रही हैं। जिस पर एसओजी ने मामला दर्ज कर जांच डिप्टी शिव कुमार भारद्वाज को दी गई। जांच मिलने के बाद जांच अधिकारी ने मौका मुआयना किया। घटनास्थल पर एफएसएल,साइबर,फुटप्रिंट व फिंगरप्रिंट की टीम को बुलाया गया। मौके पर मिले सबूतों पर काम किया गया एसओजी टीम को जांच के दौरान पता चला कि बर स्थित एचपीसीएल पेट्रोल पंप की परिसर के अन्दर ग्राउंड में चैम्बर बनाकर लोहे की सीट व फर्म लगाकर करीब 125 फीट लम्बी सुरंग बनाकर आईओसीएल पाईप लाईन से कुड ऑयल को आरोपी चोरी कर रहे हैं। जिस पर टीम द्वारा जांच में सामने आया है कि आरोपित आकाश जैन व सोहनराम ने राजू उर्फ भूपेन्द्र निवासी देवगढ़, भगवान उर्फ भग्गी उर्फ भग्गु निवासी देवगढ़ के साथ मिलकर एक गैंग बना रखी हैं। यह गैंग आईओसी पाईप लाईन से क्रूड ऑयल चोरी करने का काम करती हैं। इस गैंग ने काफी समय से बंद पड़े पैट्रोल पम्प जो कुछ दिन पूर्व ही किराए पर लेकर शुरू किया गया था। आईओसीएल के अधिकारियों को पता चलते ही सभी अपराधी मौके से फरार हो गये थे। बदमाशों की पुष्टि होने पर और उनके फरार होने पर एसओजी की ओर से सोहनराम बिश्नोई व आकाश जैन पर दस-दस हजार रुपए की नाम रखा। जिस पर ईनामी आरोपी सोहनराम उर्फ सोहनलाल बिश्नोई को एसओजी की टीम ने जोधपुर से गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले में फरार भूपेन्द्र सिंह उर्फ राजू निवासी पिथड़ा मण्डावर (काछवाली) थाना देवगढ़ जिला राजसमन्द को मोरबी गुजरात व भगवान सिंह उर्फ भग्गी उर्फ भग्गू निवासी पिथड़ा मण्डावर (काछवाली) थाना देवगढ़ जिला रामसमन्द वडोदरा गुजरात से गिरफ्तार किया।

# जेडीए ने दस बीघा को कराया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 ग्राम नांगल पुरोहितान् में जेडीए स्वामित्व की गैर-मुमकिन चारागाह की करीब 03 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही निजी खातेदारी में करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कोलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नांगल पुरोहितान्, जिला जयपुर में जेडीए स्वामित्व की गैर मुमकिन चारागाह सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा-अतिक्रमण कर में बनाये गये 03 कमरे, बाउण्ड्रीवाल, काटे गये प्लॉट्स की चारदीवारी व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया जेडीए स्वामित्व की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मोरिजा, तहसील चौमू, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''मारूती वाटिका'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मोरिजा तहसील चौमू, जिला जयपुर में ही करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## मेघ बरसते रहे...पंच तन्त्री बेला पर धुन छेड़ उजागर किया मानसून का सौंदर्य
## जेकेके में पं. रविशंकर भट्ट तैलंग ने दी पंच तन्त्री बेला वादन की शानदार प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सुकून देने वाली ठंडी हवाएं उसके बाद बारिश इस सुहाने मौसम के बीच मानसून के सौंदर्य से सराबोर करने वाली मधुर धुनों के साथ श्रोताओं के दिलों में मिठास घोलने वाली पंचतन्त्री बेला वादन की प्रस्तुति। जवाहर कला केन्द्र की ओर से गुरुवार को मधुरम के अंतर्गत इस प्रस्तुति का आयोजन किया गया। विख्यात बेला वादक पं. रविशंकर भट्ट तैलंग ने स्वनिर्मित पंच तन्त्री बेला पर धुन छेड़ी। मानसून आधारित धुनों को सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हुए।

ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग के सुपुत्र एवम् शिष्य पं. रविशंकर भट्ट तैलंग ने स्वरचित राग जन रंजनी के वादन से प्रस्तुति की शुरुआत की। राग कलावती और शिव रंजनी के संयोग से निर्मित यह राग पं. रविशंकर भट्ट ने बनायी। इसमें सरस्वती और गंगाधर शिव की आराधना के भावों का संयोजन है। जन रंजनी में उन्होंने आलाप, जोड़ और झाला प्रस्तुत किया। विलंबित रूपक और द्रुत तीन ताल की रचनाएं पेश की। इसके बाद राग मेघ एकताल व द्रुत तीन ताल में बंदिश से खूब दाद बटोरी। पं. रविशंकर ने पद्मश्री पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग द्वारा रचित बंदिश %गरज गरज गरजत घन% बजाकर अपने गुरु को समर्पित की और उन्हें याद किया। मिश्र पीलू राग में दादरा की एक लोकप्रिय धुन %बरसन लागी सावन बूंदी आजा% के वादन के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ। खास बात यह रही कि कलाकर ने बीच-बीच में अपने सुरीले कण्ठ के गायन से वादन को और रोचक बनाया। तबले पर दिनेश खींची ने संगत की। यह कार्यक्रम केन्द्र की ओर से मानसून को महोत्सव की तरह मनाने के लिए चलाई जा रही श्रृंखला जुलाई झंकार का हिस्सा रहा। गौरतलब है कि हाल ही जयपुर के ध्रुवपदाचार्य पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग को पद्मश्री से नवाजा गया था। पं. लक्ष्मण भट्ट के स्वर्गवास के बाद उनके सुपुत्र और शिष्य पं. रवि भट्ट तैलंग ने पद्मश्री ग्रहण किया था। पं. रवि भट्ट ने अपने गुरु की प्रेरणा से वायलिन में 5वां तार जोड़कर पंचतन्त्री बेला बनायी है।



# पंचायत समिति सभागार में हुई मासिक जनसुनवाई बैठक, चार घण्टे में अधिकारियो को प्राप्त हुए 25 परिवाद, 05 का मौके पर ही समाधान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** प्रत्येक महीने के दूसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली मासिक जनसुनवाई बैठक का आयोजन पंचायत समिति सभागार और वीसी रूम में किया गया। इस दौरान बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा की अध्यक्षता में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों नागरिकों द्वारा दो दर्जन से अधिक परिवाद दिए गए और समस्या समाधान का अनुरोध किया। इस दौरान एसडीएम मीणा ने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का संबंधित विभाग जल्द ही समाधान करेगा।

शहर में पहली बार एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस मासिक जनसुनवाई में तीन बजे तक लोग अपनी समस्या लेकर बैठक में पहुंचते रहे। इस दौरान अधिकारी भी डटे रहे । सुबह 11 बजे से शुरू हुई यह मासिक जनसुनवाई करीब चार घंटे चली। जिसमें बिजली, पानी, सफाई,सड़क,पानी भराव,पीएम आवास,अतिक्रमण सहित कुल 25 परिवाद प्राप्त हुए हैं। पांच परिवादो का मौके पर ही अधिकारियों ने समाधान कराया है।

जनसुनवाई बैठक में सबसे पहले खोरपुरा गांव से आई ग्रामीणों ने गांव के आम रास्ते पर कुछ लोगो द्वारा किये गए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन से शिकायत की और समस्या के समाधान के लिए मौका निरीक्षण करने की मांग की। वहीं शहर के हथियापोर निवासी वरिष्ठ नागरिक अश्विनी पाराशर ने मोहल्ले में सीवर लाइन के लिए सड़क खुदाई के बाद ऐसे ही छोड़ देने और बारिश का पानी गढ़ों में भरने से रास्ता निकालने में आ रही परेशानी को लेकर सीवर संवेदक राजीव सिंघल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

### पीएम आवास योजना के किस्त की मांग

शहर की छितरिया कॉलोनी निवासी महिला कल्पना सोलंकी पत्नी राकेश सोलंकी ने पीएम आवास योजना को लेकर पालिका कर्मचारियों पर आरोप लगाए और बताया कि वे आवेदन के बाद अब तक पीएम आवास योजना की किस्त की बाट जोह रही है उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही ।जबकि मोहल्ले के अन्य लोगों की किस्त आ चुकी है ।सड़क मार्ग पर अतिक्रमण और खरंजा को लेकर कई बार शिकायत,नहीं हो रही सुनवाई शहर के बाईपास निवासी नागरिक राजू शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल सिंह ने अन्दाना पैलेस से लाहोरिया पुरा तक जाने वाले आम रास्ते की सड़क पर अतिक्रमण को हटाकर पक्का खरंजा निर्माण करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे कई बार आवेदन कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।




### चोबदार गली में जर्जर मकान,कभी भी हो सकता धराशाही

वहीं शहर की चोबदार गली में भैरवनाथ मंदिर के बगल में स्थित एक पुराने जर्जर मकान से खतरे को लेकर मोहल्ले के नागरिकों ने वार्ड पार्षद शैलेंद्र सोनी और विप्र समाज अध्यक्ष मुकेश विधौलिया के साथ प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और बताया कि यह मकान कभी भी धराशाई हो सकता है जिससे जनहानि की आशंका है। उक्त मकान के मालिक को कई बार अवगत कराया है लेकिन वे कोई सुनवाई नहीं कर रहे। ऐसे में प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की। इस दौरान एसडीएम राधेश्याम मीणा ने सभी परिवादो को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 15 दिवस में उक्त समस्याओं का समाधान करें और उन्हें रिपोर्ट पेश करें। वही जनसुनवाई की इस बैठक में तहसीलदार मोहम्मद हनीफ, विकास अधिकारी रामबोल सिंह के साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रविंद्र सिंह,सामान्य अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ गब्बर मीना, ब्लॉक शिक्षा विभाग के एसीबीओ कल्याण प्रसाद मीणा के साथ बिजली विभाग,जलदाय विभाग,कृषि विभाग,सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों का किया निरीक्षण

### वृक्षारोपण एवं जल संचय के लिए दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** शासन सचिव आयोजना विभाग नवीन जैन के निर्देशानुसार वरिष्ठ लेखा अधिकारी अभिषेक लांबा द्वारा जिले के ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय चित्तौड़गढ़ एवं कपासन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लांबा ने कार्यालय भवन पर नाम निर्दिष्ट करवाने तथा विभाग द्वारा संचालित मुख्य योजनाओं यथा पहचान, जनाधार की समस्त जानकारी का अंकन करने एवं कार्यालय परिसर के आसपास वृक्षारोपण के निर्देश दिए। विभागीय योजना जनाधार में आमजन की समस्याओं का समाधान कार्यालय में संचालित जनाधार हेल्प डेस्क के माध्यम से त्वरित रूप से करने, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन में ई साइन की पेंडेंसी को न्यून करने के लिय कहा जिससे आमजन की समस्या का समाधान शीघ्र हों सकें एवं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र घर पर ही डाउनलोड किया जा सकें। इस दौरान ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी चित्तौड़गढ़ शुभम कुमार गुप्ता एवं ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी कपासन उर्मिला शर्मा को कार्यालय रिकॉर्ड में पाई गई कमियों को शीघ्र पूर्ति हेतु भी निर्देशित किया गया। लेखा अधिकारी लांबा ने आमजन के सुझावों को भी योजनाओं में शामिल करने के लिए कहा। राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सचिन शुक्ला एवं कनिष्ठ सहायक मुकेश मीणा ने कार्यालय में स्थाई सामग्री, नकारा पड़े आइटम एवं भामाशाह योजना के पुराने रिकॉर्ड तथा जनगणना संबंधी पुराने रिकॉर्ड आदि को जांचा।

### निरीक्षण के दौरान पौधारोपण कर अनूठी पहल की

निरीक्षण के दौरान लांबा ने सघन वृक्षारोपण के तहत जिले के सांख्यिकी कार्यालयों में 70 से अधिक पौधें लगवाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लांबा ने उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय में पहुंचकर सभी सांख्यिकी कर्मियों को प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं करने, जल संचय करने आधिकाधिक वृक्षारोपण करने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में योगदान देने की शपथ दिलवाई तथा प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को कम से कम 2 पौधें लगाकर उनकी देखभाल करने की अपील की तथा उपनिदेशक कार्यालय में 5 पौधें लगवायें ।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर किया जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के राजकीय पाना देवी महाविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला स्तर पर क्षेत्र के बच्चों को जागरूक किया गया।

डॉ आशीष सिंह शेखावत सीएमएचओ ने देश में बढ़ रही जनसंख्या पर विचार व्यक्त किये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी ।बढ़ रही जनसंख्या आने वाले कल के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है इसके बारे में भी जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में डॉ.जय भगवान डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण द्वारा परिवार कल्याण साधनों की जानकारी दी गई तथा सभी योग्य दंपतियों को इसमें सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बताया गया।

महाविद्यालय के प्रोफेसर प्राचार्य आरपी गुर्जर द्वारा बच्चों को विश्व जनसंख्या दिवस के बारे में बताते हुए जनसंख्या के कारण बढ़ रही बेरोजगारी एवं भुखमरी के बारे में बताया गया ।रविकांत जांगिड़ डीएनओ ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस की उपलक्ष में क्षेत्र में 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाइजेशन पखवाड़ा चलाया गया जिसमें लोगों को अंतराल साधनों के लिए जागरूक किया गया तथा11से 24 जुलाई तक क्षेत्र में सेवा प्रदाता पखवाड़ा चलाया जाएगा जिसमें पूर्व में प्रोत्साहित किए गए लोगों को परिवार कल्याण के अंतर्गत सेवा दी जाएगी 7

कार्यक्रम में रविकांत जांगिड़ डीएनओ, जगराम गुर्जर, विमल यादव ,मनोज सैनी, प्रतिभा पोसवाल, प्रोफेसर उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ रेसटा का कैरियर गाइडेंस ,विद्यार्थी गौरव व शिक्षक रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# शिक्षको के ऊपर राजनीति नही होनी चाहिए व इनके तबादले पॉलिसी के माध्यम से होने चाहिए : विधायक व्यास

### शिक्षा वही सार्थक जो विद्यार्थियों को किताब के साथ परिवेश से भी जोड़ें : सलावद

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर( नि.स.0।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा प्रताप सभागार डुंगर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विधार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित से हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने संघ के द्वारा विधार्थी व शिक्षक हितों के लिए किए जा रहे कार्यो व संघ की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी व कहा की शिक्षा वही सार्थक जो विद्यार्थियों को किताब के साथ परिवेश से भी जोड़ कर रखे।




समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के समक्ष मानवीय मूल्य बचाए रखने की आज बड़ी चुनौती है। अंधाधुंध जल दोहन से राजस्थान ही नहीं देशभर में जल संकट की स्थितियां बन रही हैं। शिक्षक व विधार्थी इन चुनौतियों के आलोक में शैक्षिक पहल करते हुए कार्य करें। व्यास ने कहा की शिक्षको के मामलो में राजनीति नही होनी चाहिए व इनके तबादले राजनीति के आधार पर नही होने चाहिए व तबादले के लिए पॉलिसी बननी चाहिए इसके लिए मैने लिखकर सरकार को दिया है। व्यास प्रताप सभागार डुंगर कॉलेज में शिक्षक संघ एलीमेंटी सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा आयोजित मेधावी विद्यार्थी व शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त केंद्र एवं सेवाकर आईआरएस भूपेंद्र छीपा,डुंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.इंद्रसिंह राजपुरोहित, एसबीआई पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेंद्र मीना ने भी संबोधित किया।

विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार सहायक महाप्रबंधक एसबीआई ने कहा की पढ़ाई के साथ साथ खेलो में भी भाग्य आजमाना चाहिए। भीड़ से अलग भी अन्य क्षेत्र है जिनमें भी प्रतियोगी प्रतिभाओं की नितांत आवश्यकता है और उत्कृष्ट प्रतिभाएं अन्य क्षेत्रों में भी चयन होने का प्रयास करें तो उन्हें शीघ्र ही सफलता मिलेगी।

मेधावी विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस के रूप में सहायक निदेशक पेंशन विभाग डॉ.राहुल गोठवाल,सीबीईओ बज्जू डॉ.रामगोपाल शर्मा,डॉ.वाईबी.माथुर,प्रवक्ता राजकीय पोलेटेक्निक महाविद्यालय,डुंगर कॉलेज के आचार्य डॉ.शमिंद्र सक्सेना, एनएसपी महाविधालय के प्राचार्य डॉ.प्रशांत बिस्सा,निदेशक सिंथेसिस जेठमल सुथार,सीएमओ पीबीएम अस्पताल डॉ.एलके कपिल, रेसटा के प्रदेश महामंत्री नवलसिंह मीना,अधिवक्ता नीतू जैन सीए दिनेश शर्मा ने मार्गदर्शन किया। संघ के जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी व जिला महामंत्री पवन शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सात दिवसीय डीएलएड स्काउट ग्रुप प्रशिक्षण का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** स्काउट समाज सेवा करने का एक अच्छा माध्यम है और हमें इस संगठन से जुड़कर समाज और देश की सेवा में लग जाना चाहिए यह बात हंस ग्रुप आफ एजुकेशन के अध्यक्ष अशोक बंसल ने राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वावधान में हंसा मैरिज पैलेस में आयोजित किए गए सात दिवसीय डीएलएड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। बंसल ने कहा कि इन सात दिनों में आपने जो अपनी समय की कुर्बानी दी है और प्रशिक्षको द्वारा आपको जो आगे बढ़ने का एक माध्यम बताया है हमें उसे जीवन में अपनाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। शिविर का समापन प्रार्थना सभा और ध्वजावतरण के साथ किया गया। स्थानीय संघ के सचिव हंसराज यादव ने बताया कि इस शिविर में हंस ग्रुप आफ एजुकेशन के 50 संभागियों ने दिन रात शिविर में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। वही शिविर संचालक कमलेश कुम्हार ने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन ,समय की पाबंदी, लीडरशिप ,पायनियरिंग, प्राथमिक सहायता, दिशा ज्ञान, कंपास और स्काउटिंग के ऐसे अनेक विषयों का प्रशिक्षण दिया गया जिससे कि अपने घरेलू जीवन में भी उपयोग में आ सके और समाज को आगे बढ़ा सके। कार्यक्रम का संचालन सहायक सचिव रामवीर यादव ने किया ।वहीं कोटा से पधारे प्रशिक्षक श्याम सुंदर गुप्ता ने अतिथियों का आभार प्रदर्शित किया। इससे पूर्व विशाल कैंप फायर में स्थानीय संघ के प्रधान मनोज चौधरी, हंस ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर उमेश बंसल प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं सीबीईओ भागीरथ सिंह मीणा,लॉ कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश ,दयानंद मांड्या ने शिरकत की। इस अवसर पर व्याख्याता अतुल कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष हंसराज रावत, अजय कुमार जांगिड़ ,असिस्टेंट लीडर ट्रेनर सीताराम गुप्ता सहित अनेक प्रशिक्षणार्थियों मौजूद रहे।

## 3 माह से फरार बजरी माफिया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने 3 माह से फरार एक बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बरोनी थाना के टाप टेन आरोपियों में शुमार तीन माह से फरार आरोपी मुकेश पुत्र रामनारायण जाट निवासी गहलोद थाना पीपलू को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आईसीजेएस पोर्टल की मदद से आरोपी को पकडने् में सफलता प्राप्त हुई है। आरोपी के खिलाफ महेंदवास व पीपलू थाने में भी मामले दर्ज है।

## मिशन उत्कर्ष के जरिए किशोरियों से दूर होगा एनीमिया, सुधरेगी सेहत

### आयुर्वेदिक मध्यवर्तनों के माध्यम से किशोरियों में व्याप्त एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए चलाया जाएगा मिशन उत्कर्ष, पायलट प्रोजेक्ट में धौलपुर भी शामिल

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** आयुष मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मिशन उत्कर्ष के एक भाग के रूप में आयुर्वेद हस्तक्षेपों के माध्यम से किशोरियों के पोषण को बढ़ाने के लिए साझेदारी की है। मिशन उत्कर्ष के तहत पोषण स्तर पर आकांक्षी जिलों को राज्य और राष्ट्रीय औसत तक लाने के लिए कार्य किया जायेगा। पहले चरण में, पांच राज्यों राजस्थान के धौलपुर, असम के धुबरी, छत्तीसगढ़ के बस्तर, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली पांच आकांक्षी जिलों में किशोरियों (14-18 वर्ष) की एनीमिया की स्थिति में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। मिशन उत्कर्ष का उद्देश्य एनीमिया से लड़ना और एनीमिया मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करना है।

मिशन उत्कर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत, लगभग 10 हजार 133 आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण ट्रैकर के अंतर्गत पंजीकृत 14-18 आयु वर्ग की 94 हजार से ज्यादा किशोरियों को इस कार्यक्रम की एक वर्ष की अवधि में लाभान्वित किया जाएगा। परियोजना की समन्वय एजेंसी, केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) है। इस कार्यक्रम में एनीमिक किशोरियों के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु बेहतर पोषण प्रदान करने के लिए तीन महीनों के लिए आयुर्वेद दवाएं द्राक्षावलेह और पुनर्नवा आदि प्रदान की जाएंगी।

## माटी कला बोर्ड को बजट में 05 करोड़ रुपये व कुम्भकारों के लिए एक हजार इलेक्ट्रॉनिक चाक एवं मिट्टी घूथने की मशीन के बजट पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** राजस्थान विधानसभा में प्रस्तुत किये गये राज्य बजट 2024-25 में माटी कला बोर्ड को 05 करोड़ रुपये स्थापित किये जाने के बजट व कुंभकारों के लिए एक हजार इलेक्ट्रॉनिक चाक व मिट्टी घूथने की मशीन के बजट की घोषणा पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक का आभार व्यक्त किया है। प्रजापति ने कहा कि मिट्टी कला से जुड़े कुम्भकारों की मांग को ध्यान में रखते हुए बजट में माटी कला बोर्ड को 05 करोड रुपये का बजट स्थापित किया जाना पहली बार एक ऐतिहासिक बजट है। इससे मिट्टी कला से जुड़े कुंभकारों को लाभ मिलेगा।

## संवेदनशीलता के साथ करें परिवादों का निस्तारण - अतिरिक्त जिला कलक्टर

**धौलपुर,( नि.स. )।** माह के द्वितीय गुरुवार को होने वाली उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने धौलपुर उपखण्ड में आयोजित जनसुनवाई में परिवाद सुने। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने परिवादियों द्वारा दर्ज किए गए परिवादों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अलहपुरा निवासी प्रताप सिंह ने खातेदारी की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर अपना परिवाद दर्ज कराया, जिस पर तहसीलदार धौलपुर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। वहीं वार्ड न. 16 मढ़ी मौहल्ला के निवासियों ने विद्युत की समस्या को लेकर अपना परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियन्ता जेवीवीएनएल को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

### जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए परिवार नियोजन का महत्व समझाएं स्वास्थ्य कर्मी- डॉ.विजय सिंह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय सिंह ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए परिवार नियोजन का महत्व योग्य दंपतियों को समझाएं, बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है, परिवार नियोजन की व्यवहारिक जानकारियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए सकारात्मक पहल सही दिशा में चल रही है लेकिन लक्ष्य अनुरूप जनसंख्या स्थिरीकरण में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं, इसके लिए हम सबको मिलकर परिवार कल्याण के क्षेत्र में सार्थक प्रयास करने होंगे। जिले में विभाग द्वारा परिवार कल्याण के क्षेत्र में किये गए कार्य सराहनीय हैं, लेकिन हम सबको मिलकर जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जन जागरूकता कार्य करना होगा। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि परिवार कल्याण के वार्षिक प्रतिवेदन को कार्यक्रम में रखा और कहा कि इस वर्ष जिन्हें परिवार नियोजन के क्षेत्र में कार्य करने पर सम्मानित किया जा रहा है उनसे स्वास्थ्यकर्मी प्रेरित हो और अपने




सेक्टर और खंड स्तर पर उपलब्धियों का अर्जन करें। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों की जानकारी हर एक योग्य दंपति तक पहुंचे जिससे परिवार नियोजन उद्देश्य सफल हो सके। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी शिव कुमार शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एएनएम प्रशिक्षणार्थीयो द्वारा बढ़ती जनसंख्या और सरकार के प्रयास पर भाषण दिया और एएनएम प्रशिक्षणार्थियों के एक दल ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए नाटक के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण का संदेश प्रदान किया।

इस दौरान परिवार कल्याण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मिको का प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे एएनएम प्रशिक्षण केंद्र प्रशिक्षक सहित प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.
Tel.- (01434) 232013 E-mail : npdeoli@gmail.com
क्रमांक :: न.पा.दे./आपत्ति आमन्त्रण सूचना/2024-25/5583 दिनांक : 09.07.2024
आपत्ति आमन्त्रण सूचना
निम्न 8 आवेदनकर्ताओ ने विवेकानन्द कॉलोनी, एजेन्सी ऐरिया, अन्य देवली में अपनी सम्पति के नामान्तरण,उपविभाजन/अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। जिसकी आपत्ति आमंत्रण सूचना इस कार्यालय के पत्रांक 5580 दिनांक 09.07.2024 द्वारा जारी कर दी गई है। जिससे सबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका देवली की वेबसाइट http://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा स्वायत्त शासन विभाग की वेबसाईट http://shahar2021.rajasthan.gov.in व नगरपालिका नोटिस बोर्ड चस्पा सूची पर देखी जा सकती है। किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका देवली में 07 दिवस मे प्रस्तुत करें। बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।
राज.संवाद/सी/24/2073 अधिशाषी अधिकारी

## सम्पादकीय

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का अधिकार

सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश व्यापक प्रभाव वाला है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से भरण-पोषण यानी गुजारा भत्ता पाने की अधिकारी हैं। यह इसलिए एक बड़ा और बेहद महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि इसके माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी सरकार की ओर से उठाए गए एक गलत कदम का प्रतिकार करने के साथ ही मुस्लिम महिलाओं को न्याय देने का काम किया है।

एक तरह से इस निर्णय के जरिये सुप्रीम कोर्ट ने यही रेखांकित किया कि बहुचर्चित शाहबानो मामले में उसकी ओर से दिया गया फैसला सर्वथा उचित एवं संविधानसम्मत था और राजीव गांधी सरकार ने उसे पलट कर सही नहीं किया था।

ज्ञात हो कि शाहबानो पर सुप्रीम कोर्ट का 1985 का फैसला भी गुजारा भत्ता से संबंधित था, लेकिन मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राजीव गांधी सरकार ने इस फैसले को पलट दिया था और 1986 में कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के दबाव में आकर उनके मन मुताबिक और शरिया के अनुकूल मुस्लिम महिला अधिनियम बनाया था। इस अधिनियम का एकमात्र उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का हनन करना था।

अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी पंथनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ता के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं।

तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के भरण-पोषण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल यही नहीं कह रहा कि अलग-अलग समुदाय की महिलाओं को भिन्न-भिन्न कानूनों से संचालित नहीं किया जा सकता, बल्कि समान नागरिक संहिता की आवश्यकता भी जता रहा है। इसी के साथ यह भी संदेश दे रहा है कि देश के लोग संविधान से चलेंगे, न कि अपने पर्सनल कानूनों से, वे चाहे जिस पंथ-मजहब के हों।

यह अपेक्षा अनुचित नहीं कि विपक्षी दलों के वे नेता सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की प्रशंसा करने के लिए आगे आएं, जो पिछले कुछ समय से संसद के भीतर-बाहर संविधान की प्रतियां लहराकर यह दावा करने में लगे हुए हैं कि उन्होंने उसकी रक्षा की है और वे उसे बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यदि संविधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सच्ची है तो उन्हें इस फैसले का स्वागत करना ही चाहिए। इसकी भरी-पूरी आशंका है कि इस फैसले से कुछ मुस्लिम संगठन असहमति जताने के साथ उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दें।

पता नहीं वे क्या करेंगे, लेकिन राहत की बात यह है कि इस समय केंद्र में मोदी सरकार है, न कि तथाकथित सेक्युलरिज्म की दुहाई देने वाली कोई सरकार। यह सही समय है कि मोदी सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने वादे को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़े। इसका कोई औचित्य नहीं कि देश में अलग-अलग समुदायों के लिए तलाक, गुजारा भत्ता, उत्तराधिकार, गोद लेने आदि के नियम-कानून इस आधार पर हों कि उनका उनका पंथ-मजहब क्या है?

# क्या मुस्लिम महिलाओं के हक में आने वाले फैसले से देश की राजनीति पर पड़ेगा बड़ा असर....?

**सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (10 जुलाई) को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि एक मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। अदालत ने कहा कि सीआरपीसी का ये प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर वे किसी भी धर्म को मानती हों। अदालत ने ये भी साफ कर दिया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी। हालांकि, भले ही आज कोर्ट ने महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का आदेश दे दिया है, लेकिन एक दौर ऐसा भी था, जब इस मुद्दे पर इतनी ज्यादा सियासत हुई कि इसने देश की राजनीति को ही बदल कर रख दिया। दरअसल, हम 1985 के शाह बानो केस की बात कर रहे हैं।**

अशोक भाटिया



सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो को गुजारा भत्ता देना सही ठहराया था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संसद में बदल दिया था। इस फैसले से राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ था ।

शाह बानो मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली एक महिला थीं। उनके पति मोहम्मद अहमद खान ने उन्हें तलाक दे दिया था। अहमद खान इंदौर के जाने-माने वाले वकील थे, इसके बाद भी उन्होंने शाह बानो और उनके पांच बच्चों को उनके हाल पर ही छोड़ दिया। शाह बानो ने 1978 में इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने अदालत से गुजारिश की कि उनके पति को उन्हें गुजारा भत्ता देने के लिए निर्देश दिया जाए।

ज्ञात हो कि साल 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया शाहबानो मामले पर फैसले से देशभर में राजनीतिक माहौल गरमा गया था। मुस्लिम धर्मगुरुओं और पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस फैसले का पुरजोर विरोध किया था।तो इसके जवाब में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 लागू कर दिया। इस अधिनियम ने तलाक के बाद केवल 90 दिनों तक मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को अपने पूर्व पति से गुजारा भत्ता पाने के अधिकार को प्रतिबंधित कर दिया। उस समय से लेकर अब तक यह मामला काफी सुर्खियों में रहा है। इसके बाद साल 2001 में राजीव गांधी सरकार की ओर से लागे गए इस अधिनियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसमें दानियल लतीफी ने शाह बानो का प्रतिनिधित्व किया था। कोर्ट ने राजीव गांधी के 1986 के अधिनियम पर प्रतिबंध लगाते हुए उसे निरस्त कर दिया था। इसके यह सुनिश्चित हुआ कि मुस्लिम महिलाओं को सम्मानपूर्वक जीवन जीतने के लिए उचित सहायता मिले। इतना ही नहीं, 2001 में डेनियल लतीफी नाम के वकील ने 1986 की कानून की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून की वैधता बरकरार रखते हुए साफ किया था कि 1986 का कानून सिर्फ इद्दत की अवधि तक ही गुजारा भत्ता देने तक सीमित नहीं है।

दरअसल ये पूरा मामला शुरू हुआ था 15 नवंबर 2012 से। उस दिन मुस्लिम महिला ने अपने पति का घर छोड़ दिया। 2017 में महिला ने अपने पति के खिलाफ आईपीसी की धारा 498 और 406 के तहत केस दर्ज कराया। इससे नाराज होकर पति ने महिला को तीन तलाक दे दिया। 28 सितंबर 2017 को उनके तलाक का सर्टिफिकेट जारी हो गया। दावा है कि तलाक के बाद इद्दत की अवधि तक पति ने महिला को हर महीने 15 हजार रुपये का गुजारा भत्ता देने की पेशकश की। इद्दत की अवधि तीन महीने तक होती है। लेकिन महिला ने इसे लेने से इनकार कर दिया। इसके बजाय महिला ने फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की और सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने की मांग की। 9 जून 2023 को फैमिली कोर्ट ने हर महीने 20 हजार रुपये का गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। फैमिली कोर्ट के फैसले को पति ने तेलंगाना हाईकोर्ट में चुनौती दी। 13 दिसंबर 2023 को हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। लेकिन हर्जाने की रकम 20 हजार से घटाकर 10 हजार रुपये कर दी।

पूर्व पति ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसने दलील दी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दायर करने की हकदार नहीं है। मुस्लिम महिला पर 1986 का मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकार का संरक्षण) कानून लागू होता है। उसने ये भी दलील दी 1986 का कानून मुस्लिम महिलाओं के लिए ज्यादा फायदेमंद है।अब हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने 99 पन्नों का फैसला देते हुए कहा कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता पाने के लिए याचिका दायर करने की हकदार है।सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ किया कि सीआरपीसी की धारा 125 सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होती है, जिनमें शादीशुदा मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हैं। अदालत ने ये भी कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 सभी गैर-मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं पर भी लागू होती है।

मुस्लिम महिलाओं के तलाक पर कोर्ट ने कहा कि अगर किसी मुस्लिम महिला की शादी या तलाक स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत होती है, तो भी उस पर धारा 125 लागू होगी।और यदि मुस्लिम महिला की शादी और तलाक मुस्लिम कानून के तहत होता है तो उसपर धारा 125 के साथ-साथ 1986 के कानून के प्रावधान भी लागू होंगे। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के पास दोनों कानूनों में से किसी एक या दोनों के तहत गुजारा भत्ता पाने का विकल्प है।

अगर 1986 के कानून के साथ-साथ मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भी याचिका दायर करती है तो 1986 के कानून के प्रावधानों के तहत जारी हुए किसी भी आदेश पर सीआरपीसी की धारा 127(3)(ड्ढ) के तहत विचार किया जा सकता है। इसका मतलब ये है कि इसी प्रकार तीन तलाक को सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2017 में असंवैधानिक घोषित कर दिया था। इसके बाद 2019 में मोदी सरकार ने कानून लाकर तीन तलाक को न सिर्फ असंवैधानिक किया, बल्कि इसे अपराध के दायरे में भी ला दिया था । बुधवार को दिए फैसले में जस्टिस नागरत्ला ने साफ किया कि तीन तलाक के अवैध तरीके से भी किसी मुस्लिम महिला को तलाक दिया जाता है तो वो भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत हर्जाने का दावा कर सकती है। उन्होंने कहा, तलाकशुदा मुस्लिम महिला को सीआरपीसी की धारा 125 से बाहर नहीं रखा जा सकता है, भले ही उसे किसी भी कानून के तहत तलाक दिया गया हो। जिस कानून के तहत एक महिला को तलाक दिया गया है, उसके आधार पर गुजारा भत्ता देने में असमानता नहीं की हो सकती। अब यह भी जानना जरुरी है क्या है सीआरपीसी की धारा 125? दरअसल सीआरपीसी की धारा 125 में महिलाओं, बच्चों और माता-पिता को मिलने वाले गुजारा भत्ता का प्रावधान किया गया है। नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (ब्न्हस्स्) में ये प्रावधान धारा 144 में किया गया है।ये धारा कहती है कि कोई भी पुरुष अलग होने की स्थिति में अपनी पत्नी, बच्चे और माता-पिता को गुजारा भत्ता देने से इनकार नहीं कर सकता। इसमें नाजायज लेकिन वैध बच्चों को भी शामिल किया गया है। धारा साफ करती है कि पत्नी, बच्चे और माता-पिता अगर अपना खर्चा नहीं उठा सकते तो पुरुष को उन्हें हर महीने गुजारा भत्ता देना होगा। गुजारा भत्ता मजिस्ट्रेट तय करेंगे। पत्नी को गुजारा भत्ता तब मिलेगा जब या तो वो खुद तलाक ले या उसका पति तलाक दे। गुजारा भत्ता तब तक मिलेगा जब तक महिला दोबारा शादी नहीं कर लेती।इस धारा में ये भी प्रावधान है कि अगर कोई पत्नी बिना किसी कारण के पति से अलग रहती है या किसी और पुरुष के साथ रहती है या फिर आपसी सहमति से अलग होती है तो वो गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं होगी। हालिया फैसले से सामाजिक व राजनैतिक असर दिखने लगा है । नैशनल कमिशन फऑर वुमन की प्रमुख रेखा शर्मा ने मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता मांगने के अधिकार की पुष्टि करने वाले सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला सभी महिलाओं के लिए लैंगिक समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम है, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। सगे-संबंधियों तथा मित्रों का आपके यहां आगमन होने से आनंद अनुभव होगा। कहीं यात्रा होने की संभावना है। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे, तो शांति मिलेगी। फिर

**वृष**
भागीदारों के साथ मतभेद होगा। कुछ खास दोस्तों के साथ मुलाकात विशेष आनंददायक नहीं रहेगी। कोर्ट- कचहरी के काम में दिक्कत होने की आशंका है। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी।

**मिथुन**
जमीन, वाहन वगैरह की खरीदारी के दस्तावेज बनवाने में सावधानी रखें। गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ मेल-जोल बना रहेगा।

**कर्क**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। आज के दिन बुजुर्गों और पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आज कोई भी सोच-विचार करने के बाद ही बोलें।

**सिंह**
पैसे की तंगी महसूस होगी। दुर्घटना, ऑपरेशन का योग बन रहा है, इसलिए सावधानी बरतें। ईश्वर भक्ति से राहत महसूस कर सकेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

**कन्या**
सरकारी काम में बाधा होगी। महत्वपूर्ण कार्य या निर्णय आज स्थगित रखना उचित रहेगा। संतान के साथ मतभेद होगा। विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। आज मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। धन खर्च होने की संभावना है।

**तुला**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपका उत्साह बढ़ाएगा।

**वृश्चिक**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की आशंका है। कोशिश करें कि किसी के साथ विवाद न हो। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**धनु**
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

**मकर**
अपने अधीनस्थ कर्मचारियों और सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा।

**कुंभ**
व्यक्ति के साथ की गई मुलाकात रोमांचक रहने की उम्मीद है। तन-मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित रहेगा। आज किसी के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद हो सकता है।

**मीन**
प्रिय व्यक्ति के साथ की गई मुलाकात रोमांचक रहने की उम्मीद है। तन-मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित रहेगा। आज किसी के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद हो सकता है।

## शख्सियत

मनुष्य की कार्यशैली और उसका व्यक्तित्व ही उसकी असली पहचान है, कार्यशैली और व्यक्तित्व ही याद रहता है वरना शरीर को तो लोग भुलाने में देर ही नहीं करते हैं..

नमस्कार मित्रों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अनिल सिंगल, उपखण्ड अधिकारी, रामगंज मण्डी कोटा। एक मुस्कान ही है जो मनुष्य की बड़ी से बड़ी परेशानी को दूर कर सकती है..इस बात करे सार्थक करते हमारी आज की शख्सियत के हीरो हैं। सरल,सहज और शानदार क्स्मि के अधिकारी हैं अनिल जी। ये जहां भी रहे इनके नीचे काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी इनसे प्रसन्न रहते हैं यही इनका सबसे बड़ा व्यक्तित्व है। सन 2017 में इन्होनें राजस्थान प्रशासनिक सेवा का सेवाभार संभाला और सबसे पहले प्रशिक्षणाधीन एचसीएम रीपा, जयपुर में रहे इसके बाद सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन धौलपुर रहे। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी, लक्ष्मणगढ़ अलवर रहे जहां सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करवाया। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी, कठूमर अलवर रहे। इसके बाद सरकार ने इन्हें उपखण्ड अधिकारी, कोटडी ,भीलवाडा लगाया गया। एक बार फिर दूबारा अलवर के लोगों की सेवा ने इन्हें अलवर बुला लिया और ये उपखण्ड अधिकारी, रैणी ,अलवर लगाए गए। इसके बाद ये उपखण्ड अधिकारी,



अनिल सिंगल
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी)

कोटा लगे और आज उपखण्ड अधिकारी, रामगंज मण्डी कोटा पद को सुशोभित कर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

*जय हिन्द*

## आज का इतिहास



1290 इंग्लैंड के सम्राट ऐडवर्ड प्रथम के आदेश पर यहूदियों को बाहर निकाला गया।
1346 लक्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का शासक चुना गया।
1673 नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1690 विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया।
1801 अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया।
1823 भारत में निर्मित पहला वाष्प जहाज 'डायना' का कलकत्ता में जलावतरण।
1862 अमेरिकी कांग्रेस ने मेडल ऑफ ऑनर को प्राधिकृत किया।
1912 'क्वीन एलिजाबेथ' अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी।
1918 टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट में 500 लोगों की मौत।
1935 बेल्जियम ने तत्कालीन सोवियत संघ को मान्यता दी।
1949 महात्मा गाँधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगाए गए प्रतिबन्ध को सशर्त हटाया गया।
1957 अमेरिकी सर्जन लेरोय इ बर्नी ने बताया कि धूम्रपान और फेफड़े के कैंसर में सीधा संबंध होता है।
1960 भागलपुर और रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना।
1970 अलकनंदा नदी में आई भीषण बाढ़ ने 600 लोगों की जान ली।
1990 प्रसिद्ध सोवियत नेता बोरिस येल्तसिन ने सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी से इस्तीफा दिया।
1994 फ़लस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष यासर अराफात 27 वर्षों का निर्वासित जीवन गुजारने के बाद गाजा पट्टी आये।
1997 नोबल पुरस्कार से सम्मानित मलाला युसुफजई का पाकिस्तान में जन्म।
1998 फ्रांस और ब्राजील के बीच हुए फुटबॉल विश्वकप के फाइनल को कुल 1.7 अरब लोगों ने देखा।
2001 अगरतला से ढाका के बीच 'मैत्री' बस सेवा की शुरुआत।
2006 इजरायल ने अपने दो सैनिकों के बंधक बनाये जाने के बाद लेबनान पर हमला किया।
2012 नाइजीरिया के ओकिबी में एक टैंक ट्रक में विस्फोट में 100 से अधिक लोग मारे गए।
2013 बॉलीवुड फिल्मों के जाने-माने अभिनेता प्राण का निधन।
2013 नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला यूसुफजई ने यूनाइटेड नेशंस को संबोधित किया। आज मलाला का जन्मदिन भी है।
2019 यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम का द्वितीय वार्षिक लीडरशिप शिखर सम्मेलन वाशिंगटन में आयोजित।
2020 रेलवे ने पहली बार आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले से सूखी मिर्ची विशेष पार्सल ट्रेन से पड़ोसी देश बंगलादेश तक पहुंचाई।
2021 एपीडा ने नेफेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

पुण्यतिथि (12 जुलाई) पर विशेष

# दारा सिंह : अखाड़े से लेकर रुपहले पर्दे तक जिनका छाया रहा जलवा

मोहन मंगलम



दारा सिंह अपने जमाने के विश्व प्रसिद्ध फ्रीस्टाइल पहलवान और मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने खेल और मनोरंजन की दुनिया में समान रूप से नाम कमाया और अपने काम का लोहा मनवाया। दारा सिंह की कुश्ती के दीवानों में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू समेत कई दूसरे प्रधानमंत्री भी शामिल थे। सही मायने में दारा सिंह कुश्ती के दंगल के वो शेर थे, जिनकी दहाड़ सुनकर बड़े-बड़े पहलवानों ने दुम दबाकर अखाड़ा छोड़ दिया। सूरत सिंह रंधावा और बलवंत कौर के बेटे दारा सिंह का जन्म 19 नवंबर, 1928 को पंजाब के अमृतसर के धरमूचक गांव में हुआ था। दारा सिंह को बचपन से ही पहलवानी का शौक था। दारा सिंह ने अखाड़े में पहलवानी सीखी और अपने घर से ही कुश्ती की शुरुआत की। दारा सिंह और उनके छोटे भाई सरदारा सिंह ने मिलकर पहलवानी शुरू कर दी और धीरे-धीरे गांव के दंगलों से लेकर शहरों में कुश्तियां जीतकर अपने गांव का नाम रोशन करना शुरू कर दिया और अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश में जुट गए। उस दौर में दारा सिंह को राजा-महाराजाओं की ओर से कुश्ती लड़ने का न्यौता मिला करता था। उन्होंने हाटों और मेलों में भी कुश्ती लड़ी और कई पहलवानों को पटखनी दी।

भारत की आजादी के दौरान वर्ष 1947 में दारा सिंह सिंगापुर पहुंचे। वहां रहते हुए उन्होंने "भारतीय स्टाइल" की कुश्ती में मलयेशियाई चौंपियन त्रिलोक सिंह को पराजित कर कुआलालंपुर में मलयेशियाई कुश्ती चौम्पियनशिप जीती। उसके बाद उनका विजयी रथ अन्य देशों की ओर चल पड़ा। एक पेशेवर पहलवान के रूप में सभी देशों में अपनी कामयाबी का झंडा गाड़कर वे 1952 में भारत लौट आए और 1954 में भारतीय कुश्ती के राष्ट्रीय चौंपियन बने। इसके बाद दारा सिंह ने एक-एक करके उन सभी देशों का दौरा किया जहां फ्रीस्टाइल कुश्तियां लड़ी जाती थीं। उन्होंने कॉमनवेल्थ देशों का दौरा किया और विश्व चौंपियन किंग कॉन्ग को भी धूल चटा दी। दारा सिंह की लोकप्रियता से भन्नाए कनाडा के विश्व चौंपियन जार्ज गार्डीयांका और न्यूजीलैंड के जॉन डिसिल्वा ने 1959 में कोलकाता में कॉमनवेल्थ कुश्ती चौंपियनशिप में उन्हें खुली चुनौती दे डाली। दारा सिंह ने दोनों पहलवानों को धूल चटा दी।

कॉमनवेल्थ चौंपियनशिप के बाद दारा सिंह का मिशन था पूरी दुनिया को अपना दम-खम दिखाना। भारत के इस पहलवान ने दुनिया के लगभग हर देश के पहलवान को चित किया। आखिरकार अमेरिका के विश्व चौंपियन लाऊ थेज को 29 मई 1968 को पराजित कर फ्रीस्टाइल कुश्ती के विश्व चौंपियन बन गए। विश्व विजेता पहलवान दारा सिंह ने अपने करियर में कुश्ती के 500 मुकाबले लड़े और सभी में विजयी रहे। 1966 में उन्हें रुस्तम-ए-पंजाब तथा 1978 में रुस्तम-ए-हिंद के खिताब से नवाजा गया। दारा सिंह ने 1983 में अपने जीवन का अन्तिम मुकाबला जीता और भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के हाथों 'अपराजेय पहलवान' का खिताब अपने पास बरकरार रखते हुए कुश्ती से सम्मानपूर्वक संन्यास ले लिया। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने दारा सिंह को स्पोर्ट्स कोटे में राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया। वे अगस्त 2003 से अगस्त 2009 तक राज्यसभा सांसद रहे। दारा सिंह ने अपनी आत्मकथा मूलतरू पंजाबी में लिखी थी जो बाद में हिन्दी में भी प्रकाशित हुई।

फिल्मी दुनिया वाले तो पहलवान दारा सिंह की शोहरत को 1950 के दशक में ही भुनाना चाहते थे, मगर दारा सिंह हामी भरने को तैयार ही नहीं थे। इसी बीच एक दिन दारा सिंह को खबर हुई कि रुस्तम-ए-जमां गामा पहलवान की तबीयत बहुत नासाज है। दारा सिंह उन्हें देखने लाहौर गए। उनकी माली बदहाली ने दारा सिंह को भीतर तक हिला दिया। उनकी समझ में आ गया कि जिंदगी चलाने के लिए पहलवानी काफी नहीं है और वे फिल्मों में काम करने को राजी हो गए।

जिस वक्त पूरी दुनिया में दारा सिंह की पहलवानी का सिक्का चल रहा था, तब 6 फीट 2 इंच लंबे इस गबरू जवान पर बॉलीवुड इस कदर फिदा हुआ कि पहलवान दारा सिंह बन गए अभिनेता दारा सिंह। दारा सिंह की पहली फिल्म "संगदिल" 1952 में रिलीज हुई, जिसमें दिलीप कुमार और मधुबाला मुख्य भूमिकाओं में थे। 1955 में वे फिल्म "पहली झलक" में वे पहलवान बनकर आए, जिसमें मुख्य किरदार किशोर कुमार और वैजयंती माला ने निभाया था। दारा सिंह की बतौर हीरो पहली फिल्म थी "जग्गा डाकू", जिसके बाद वे बॉलीवुड के पहले एक्शन हीरो के तौर पर छा गए। दारा सिंह की असल पहचान बनी 1962 में आई फिल्म 'किंग कॉन्ग' से। इस फिल्म ने उन्हें शोहरत के आसमान पर पहुंचा दिया। यह फिल्म कुश्ती पर ही आधारित थी। दारा सिंह ने अपने समय की मशहूर अदाकारा मुमताज के साथ 16 फिल्मों में काम किया। कई फिल्मों में वे निर्देशक व निर्माता भी बने। दारा सिंह ने कई हिंदी फिल्मों का निर्माण किया और उसमें खुद हीरो रहे। उन्हें राजकपूर के साथ "मेरा नाम जोकर" और दिलीप कुमार के साथ "कर्मा" में अच्छी भूमिकाएं मिलीं। मनमोहन देसाई जब अमिताभ को लेकर "मर्द" बना रहे थे तो सवाल उठा था कि मर्द का बाप मर्द दिखना चाहिए और दारा सिंह से बेहतर भला कौन हो सकता था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जिला स्थापना समिति की बैठक में दी अनुकम्पा नियुक्ति

## जिला प्रमुख सरोज बसंल ने तृतीय श्रेणी अध्यापक पदो एवं अनुकम्पा नियुक्ति के तहत कनिष्ठ लिपिक के पद पर दी नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान




**अलीगढ़/उनियारा (नि.स.)।** गुरुवार को जिला स्थापना समिति जिला परिषद, टोंक की बैठक जिला प्रमुख टोंक सरोज बसंल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विधालय अध्यापक भर्ती -2022 अन्तर्गत आशाराम चौधरी, समोदरा गुर्जर, को अध्यापक लेवल प्रथम एवं कालूराम मीना अध्यापक लेवल द्वितीय विषय विज्ञान गणित एवं कोयल एवं आत्माराम चौधरी को अध्यापक लेवल द्वितीय विषय सामाजिक अध्ययन के पदों पर नियुक्ति हेतु, वसुन्धरा मीना पुत्री रामबाबू मीना को अनुकम्पा नियुक्ति के तहत कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्ति दिये जाने का जिला स्थापना समिति में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बालू राम धाकड अध्यापक लेवल द्वितीय विषय हिन्दी विषेष षिक्षा, मनोज कुमार वर्मा, कविता रेवाडिया अध्यापक लेवल द्वितीय विषय अंग्रेजी, श्री सूरजमल चौधरी अध्यापक लेवल द्वितीय विषय सामाजिक अध्ययन के परिवीक्षा काल पूर्ण होने पर स्थाईकरण का अनुमोदन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक शिक्षा, टोंक से प्राप्त प्रस्तावों का जिला स्थापना समिति में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

बैठक मे प्रतिष्ठा पिलानिया मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, टोंक, सुरेश चौधरी अतिरिक्त जिला कलेक्टर टोंक, ललित कुमार अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, टोंक, मीना लसाडिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा(मुख्यालय) टोंक, पंकज गुप्ता, अतिरिक्त प्रषासनिक अधिकारी, जिला परिषद, टोंक बैठक में उपस्थित थे।

# बजट में बेरोजगार युवाओं को दिया बड़ा तोहफा, 25 लाख घरों को नल से जोड़ा जाएगा : जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा (नि.स.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सरकार के बजट पर मीडिया से रूबरू होकर अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला जनकल्याणकारी बजट है। परिवर्तित बजट 2024- 25 गरीब, बेरोजगार युवा, महिलाएं और किसानों को समर्पित है। समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए इस बजट से राजस्थान विकसित राज्य की श्रेणी में अग्रसर होगा। बजट अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। राजस्थान इरिगेशन वाटर ग्रिड मिशन के तहत 50 हजार करोड रुपए से अधिक के कार्य, नहरी क्षेत्र में डिग्गी निर्माण के लिए 5 हजार किसानों को अनुदान एवं 31 मार्च 2024 तक लंबित बिजली कनेक्शन की पेंडिंग को समाप्त करने के लिए 1 लाख 45 हजार कनेक्शन देने की घोषणा बजट मे कर किसानों के सशक्तिकरण की संकल्पना की गई है। जलदाय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत 15 हजार करोड रुपए का बजट में प्रावधान किया गया है। योजना के तहत इसी वर्ष 25 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। प्रदेश सतही जल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हुए बजट में 20 हजार 70 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है जिसके माध्यम से आगामी वर्षो में 6 सतही स्रोत आधारित पेयजल परियोजनाओं का निर्माण करवाया जाएगा जिससे राजस्थान प्रदेश जल के क्षेत्र में निश्चित तौर पर आत्मनिर्भर बनेगा।

भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र जैन की इस प्रकार सामने आई बजट प्रतिक्रिया :-

जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार का प्रथम बजट प्रदेश के आम जन व हर वर्ग के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। जयपुर से भीलवाड़ा तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण की धोषणा क्षेत्र के विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगी। यह सब प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के प्रयासो की बदोलत संभव हुआ है जिसके प्रदेश सरकार के साथ साथ जलदाय मंत्री चौधरी का क्षेत्र की जनता आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित करती है। इधर नगरपालिका मालपुरा की पार्षद नेहा दिनेश विजय ने भी बजट में मालपुरा क्षेत्र के विकास की दृष्टि से की गई धोषणाओं के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है। दोनो ही नेताओं ने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्य मंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी तथा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# परिवार नियोजन में हजारो वर्षो पूर्व से ही यूनानी औषधियों का उपयोग होता रहा हैं : डॉ. सुमबुल

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर यूनानी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** शहर के समीप ग्राम चराई में संचालित यूनानी कॉलेज टोंक में मानव संसाधन विकास केंद्र एवं अमराज निस्वां व इलमुल कवालात विभाग के सहयोग से गुरुवार को विश्व जनसंख्या के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास केंद्र के कोऑर्डिनेटर एवं मीडिया प्रभारी प्रो. सरफराज अहमद ने बताया कि डॉ. सुमबुल ने सेमिनार में यूनानी चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली गर्भनिरोधक औषधियों के उपयोग पर प्रकाश डाला। डॉ. सुमबुल ने कहा कि परिवार नियोजन के लिए लोग हजारों वर्षों पूर्व से ही यूनानी औषधियों का उपयोग करते आ रहे हैं। उन्होंने परिवार नियोजन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हजारों वर्षों पूर्व हकीम अरस्तू ने परिवार नियोजन का नारा और इसके लिए इस्तेमाल होने वाली औषधियों के बारे में बताया था। इसी प्रकार हकीम इस्माइल जुर्जानी ने सबसे पहले कंडोम पद्धति का आविष्कार किया था। उन्होंने बताया कि इनका उपयोग करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। डॉ. सुमबुल ने कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन यूनानी चिकित्सा में नीम का तेल, पुदीना, जंगली अनार, प्याज, अबहल, हलेला एवं सफेदा जैसी औषधियों का निरोधक के तौर पर उपयोग हुआ है। कॉलेज के मीडिया प्रभारी प्रो. सरफराज अहमद ने बताया कि सेमिनार में डॉ. मोहम्मद आसिफ, डॉ. शाहिद अली, डॉ. राशिद अली, डॉ. खतीब अहमद, डॉ. अब्दुल अलीम, डॉ. अनिसुर रहमान, डॉ. मरगूब अहमद, डॉ. फातिमा अंजुम, डॉ. अमजद सैफी, डॉ. सामिया, समेत अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

# एडीएम ने अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** पीपलू उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोहेला के राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं सामने आई। इस पर एडीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर करें। उन्होंने उपखंड अधिकारी कपिल शर्मा को संबंधित विभागों से समस्याओं की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में संपत सिंह ने पीएम आवास का लाभ दिलाने, रूपनारायण ने दिव्यांगजन का प्रमाण पत्र एवं पेंशन दिलवाने की मांग की है। सोहेला के ग्रामीणों ने रास्ते को चौड़ा एवं सड़क मरम्मत करने, ग्राम सरदारपुरा के ग्रामीणों ने पानी की निकासी तथा खराब हो रहे रोड़ को सही कराने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इसी तरह ग्राम के चंद्रमोहन जांगिड़ ने पुराने हाईवे पर स्थित ब्रेकरों को हटाने, डिवाईडर पर रंग रोगन करने तथा ग्रामीण दुर्गालाल ने सार्वजनिक नाले पर हो रहे अवैध कब्जे को हटवाने की गुहार लगाई।

एडीएम ने सभी समस्याओं का जल्द से निराकरण करवाए जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, तहसीलदार इंद्रजीतसिंह चौहान, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महबूब खान मंसूरी एवं विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# लाम्बाहरिसिंह में खुशी का माहोल

## कार्यकर्ताओं व ग्रामीणो ने जमकर मनाई खुशियां

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा उपखण्ड के लाम्बाहरिसिंह को ग्राम पंचायत से नगरपालिका में क्रमोन्नत किए जाने की धोषणा के बाद समूचे लाम्बाहरिसिंह क्षेत्र में खुशियो का माहोल बना हुआ है।

राज्य विधानसभा में पेश बजट प्रावधानो में जैसे ही लाम्बाहरिसिंह को पंचायत से क्रमोन्नत कर नगरपालिका का दर्जा दिए जाने की धोषणा हुई। उसी के साथ समूचे लाम्बाहरिसिंह में खुशिया छा गई। ग्रामीण घरो से बाहर निकल कर सड़को पर आकर खुशियां मनाने लगे। साथ ही क्षेत्र के भाजपाई भी सड़को पर आकर भाजपा सहित मुख्यमंत्री के साथ साथ वित्त मंत्री व जलदाय मंत्री जिन्दाबाद के नारो से गूंजायमान किया। भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गले लगाकर मिठाई खिलाकर व बधाई देकर खुशियां मनाई। इस दौरान



मंडल अध्यक्ष रमेशचन्द वैष्णव, सरपट भैया, गौरव सोनी, विनोद शर्मा, कैलाश बडेरा, राजेश नायक, मोनू गौतम, महावीर प्रजापत सहित अन्य कई भाजपाई मौजुद रहे।

# अवैध बजरी से भरे हुए 7 ट्रेक्टर ट्रालियों को किया जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बरोनी थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पहाड़ी तिराहे के समीप से अवैध बजरी से भरे हुए 7 ट्रेक्टर ट्रालियों को जब्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे पुलिस गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी तिराहे के समीप अवैध बजरी से भरे हुए ट्रेक्टर ट्रॉली नजर आए। पुलिस की गाड़ी देखकर सभी चालक ट्रेक्टरों को सडक पर छोडकर फरार हो गए। पुलिस ने सभी ट्रेक्टर ट्रॉलियों को मय बजरी के जब्त कर लिया और थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा करवा दिया गया है। सभी वाहनों के चालक व मालिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# वृक्षारोपण की शुरुआत कर मनाया रमेश मीना ने जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई,(का.स.)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में वरिष्ठ अध्यापक रमेश चंद मीणा के जन्मदिवस पर वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि अब प्रत्येक कर्मचारी और विद्यार्थी अपने जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष पांच वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देंगे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ललित कुमार बेनीवाल, व्याख्याता विनोद कुमार शर्मा, विकास गुर्जर, कमल सिंह गुर्जर, योगेश शर्मा, अंकिता राजावत, जीशान अहमद हनुमान गुर्जर, मदन मोहन मीणा, राजवीर चौधरी, आरती तिवारी, कुंती शर्मा, दिव्यानी शर्मा, सोनू सोनी, सुदेश बाई, सुनीता गुर्जर, कालूराम मीणा, मनप्रीत मीना, निकलेस सेन आदि समस्त स्टाफ ने मीना को जन्मदिन की बधाई देकर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया।

# पालिकाध्यक्ष के दोनो निलम्बन आदेश हुए वापस

## पालिकाध्यक्ष सोनी ने इसके लिए जलदाय मंत्री का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा की अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी को पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में षड़यंत्र पूर्वक दो बार निलम्बित किए जाने के आदेशो को स्थानीय निकाय विभाग ने वापस ले लिए।

स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी आदेशो में बताया गया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में नगरपालिका मालपुरा की अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी को दो बार निलम्बित किया गया है। ये दोनो निलम्बन आदेश साजिश एवं षड़यंत्र पूर्वक जारी किए गए थे। वर्तमान सरकार ने इन दोनो आदेशो की समीक्षा के बाद पालिकाध्यक्ष सोनी के दोनो ही निलम्बन आदेशो को तुरन्त प्रभाव से वापस लेकर पालिकाध्यक्ष सोनी को राहत प्रदान करने के साथ साथ खुशियो से सरोबार कर दिया। वहीं पालिकाध्यक्ष सोनी ने इसके लिए यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभागीय मंत्री झाबरमल खर्रा व जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट कर धन्यवाद



ज्ञापित किया है। सोनी ने यह भी बताया कि यह सब कुछ जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी प्रयासो व सहयोग से ही संभव हो पाया है।

# पति-पत्नी व सास-बहूं के अधिकारों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत रजवास में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के तत्वावधान में सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पति-पत्नी व सास-बहूं को बैठाकर उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए आपसी सम्बन्ध अच्छे रखने कि सलाह दी। शिप्रा शर्मा ने बताया कि यह केंद्र घर बनाता है ओर समझाईश के माध्यम से घर बनाते हैं साथ ही सास को कहा कि बहूं को अपनी बेटी मानें ओर बहू को भी सास को मां माने ओर डिलेवरी के समय अपनी बहूं का विशेष ख्याल रखें। बहूं के साथ घरेलू हिस्सा ओर मानसिक प्रताडना नही करें उसे सारी खुशियां दे ताकि बुढ़ापे में जाकर वह भी आपकी सेवा करे। सारे संसारीक सुख सुविधा लेवे। उन्होंने आह्वान किया कि आपको कोई भी समस्या हो तो परामर्श केन्द्र पर आए जिससे समस्या का हल हो सके ओर आपका परिवार खुशी हर्ष उल्लास से रह सकें।

# हरिमन मीणा ने संभाला झिराना थानाधिकारी का कार्यभार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई,(का.स.)।** पुलिस अधीक्षक टोंक संजीव नैन ने दिनांक 10 जुलाई को उप निरीक्षक हरिमन मीणा को अग्रिम आदेश तक झिराना थानाधिकारी पद पर लगाया हैं। थानाधिकारी हरिमन मीणा ने कहा कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए करेंगे। फरियादी की त्वरित सुनवाई कर राहत प्रदान करने की दिशा में काम करेंगे। थानाधिकारी ने पुलिस स्टाफ की बैठक लेकर थाना क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान थानाधिकारी मीणा का वरिष्ठ अध्यापक ब्रजमोहन मीणा, राजेन्द्र, राजेश, ओर समस्त जिला विशेष टीम सदस्य और थाना झिराना स्टाफ ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला व मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## डॉ. उमेश ने बढ़ाया मालपुरा का मान

# जनसंख्या नियन्त्रण में प्रदेश में रहे अव्वल, मुख्यमंत्री शर्मा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सर्जन पद पर कार्यरत डॉ. उमेश शर्मा को राजस्थान प्रदेश में सबसे अधिक नसबन्दी आपरेशन करने पर राज्य स्तरीय पुररूकार प्रदान किया गया है। विश्व जनसंख्या दिवस पर राजधानी जयपुर में प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित स्वास्थ्य मंत्री एवं चिकित्सरा विभाग के आला अधिकारी मौजुद रहे। इस समारोह में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सर्जन पद पर कार्यरत डॉ. उमेश शर्मा को जनसंख्या नियन्त्रण के मामले में प्रदेश में सबसे अधिक नसबन्दी आपरेशन करने पर सम्मानित किया गया। इस तरह का पुरूस्कार प्राप्त करने वाले डॉ. उमेश शर्मा क्षेत्र के पहले ऐसे चिकित्सक हैं जिनको इस तरह के प्रतिष्ठित पुररूस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया है। डॉ. उमेश ने यह राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्राप्त कर अपना, अपने माता पिता, अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर मालपुरा क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

गौरतलब है कि डॉ. उमेश शर्मा मालपुरा क्षेत्र के टोरड़ी ग्राम के निवासी है तथा इनके पिता श्री पं. रमेश आचार्य विद्धान पण्डित हैं। वहीं पुरूस्कार प्राप्त कर मालपुरा आने पर डॉ. उमेश के निवास पर उनके स्टाफ साथियो सहित क्षैत्रवासियो बधाई देने के लिए उमड़ते रहे।

# जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए

बढ़ता राजस्थान



देवली (गोविंद सिंह सेठी)। राज्य सरकार द्वारा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं का निस्तारण करने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इसके तहत हर माह ग्राम पंचायत, उपखंड एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

इसी लेकर गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार देवली में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने परिवादियों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से पात्र लोगों को अधिकाधिक लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इन योजनाओं का जन-जन में बेहतर प्रचार-प्रसार करें, ताकि जरूरत मंद लोगो को इन योजनाओं की जानकारी हो सके। जनसुनवाई के दौरान नगर पालिका के संबंधित प्रकरणों में दूनी से आए गोविंद राय ने दुकान का पट्टा जारी करने को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसी तरह देवली तहसील की ग्राम बोयड़ा के शंकर लाल मीणा ने कृषि विद्युत कनेक्शन की गुहार लगाई। राजमहल के मोहम्मदीन ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के संबंध में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। निवारिया निवासी शिवराज सिंह ने खातेदारी भूमि से अतिक्रमण हटाने को कहा। बीसलपुर के समस्त विस्थापितों ने विस्थापितों को भूमि आवंटन करने की गुहार लगाई। ग्राम कासीर के समस्त निवासियों ने पीने के पानी की व्यवस्था करने का प्रार्थना पत्र दिया। देवली शहर के लोगों ने बंद पड़े नाले की समस्या से जिला कलक्टर को अवगत कराया। प्रदीप नगर देवली गांव से आए समस्त लोगों ने पाइप लाइन डालकर पानी का प्रेशर बढ़ाने से अवगत कराया। जनसुनवाई में आए प्रकरणों को जिला कलक्टर ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को देवली कस्बे एवं ग्रामवासियों को हो रही परेशानी का स्थायी समाधान करने के लिए निर्देशित किया। बिजली एवं पानी की शिकायतों के संबंध में जिला कलेक्टर ने विद्युत एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण करने पर जोर दिया। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को बरसाती नालों की साफ-सफाई बेहतर ढंग से कराने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में आए 30 प्रकरणों में आवासीय पट्टे दिलवाने, सुचारू विद्युत एवं पेयजल सप्लाई, सड़क निर्माण, साफ-सफाई के संबंध में आए परिवादा को जिला कलक्टर ने धैर्यपूर्वक सुनकर जनसुनवाई में मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी दुर्गाप्रसाद मीणा, देवली प्रधान गणेश राम जाट, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह शेखावत, विकास अधिकारी रानू इंकिया समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉक्टर सौम्या झा ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 2024 के तहत जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने कृषि विभाग परिसर में जामुन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा एवं विकास अधिकारी रानू इंकिया से उपखंड क्षेत्र में अभियान के तहत लगाए गए पौधों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही आवंटित लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने पांच दिन बाद ग्राम भीटेडा में हुए ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा

## आरोपी सोनीपत से गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** सदर थाना पुलिस ने गांव भीटेड़ा में हुई युवक की हत्या के पांच दिन बाद मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी परशुराम (40) पुत्र ब्रजकिशोर बाल्मिक को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया है। मृतक की हत्या गाड़ी के 8 हजार रुपए बकाया किराए के लेन-देन को लेकर हुई थी।

नीमराना एएसपी शालिनी ने बताया कि 6 जुलाई को सुबह बाबा खेतानाथ कॉलेज के सामने ग्राउंड में शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान सुनील शर्मा के रूप में हुई थी। जिस पर मृतक के छोटे भाई अनिल ने गांव के चार लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने सभी को डिटेल कर लिया और पूछताछ की। लेकिन खुलासा नहीं हुआ। गांव से लेकर घटनास्थल तक करीब सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जिसमें एक ईको कार संदिग्ध पाई गई।

### आरोपी को हरियाणा से किया गिरफ्तार

ग्रामीणों से पूछताछ में सामने आया कि गांव में रहने वाला परशुराम (40) पुत्र बृजकिशोर बाल्मिक हरियाणा के गुड़गांव जिला के फरुखनगर थाना अंतर्गत गांव झनुसराय आईएमटी का रहने वाला है, जो गंडाला में परिवार सहित रहता था। जो गाड़ी लेकर फरार है।पुलिस ने इसकी लोकेशन खंगाली तो उत्तराखंड के हरिद्वार पाई गई। यहां टीमें रवाना की गई। लेकिन आरोपी अपना मोबाइल बंद करके वहां से हरियाणा की तरफ निकल गया। जिसे हरियाणा के सोनीपत से दस्तयाब किया गया। थाने लाकर पूछताछ की गई, तो आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

### किराए को लेकर हुआ था झगड़ा

एएसपी ने बताया कि आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक सुनील उर्फ पप्पन दो महीने पहले अपने दोस्तों के साथ उसकी एक गाड़ी को 12 हजार रुपए में किराए पर लेकर हरिद्वार घूमने गया था। सुनील ने केवल 4000 ही किराए के दिए थे, जबकि 8 हजार रुपए बकाया चल रहे थे। परिवार की जरूरत के अनुसार इसे पैसे की आवश्यकता थी। इसलिए उसने कई बार किराया मांगा। लेकिन वो हमेशा जल्दी देने की बात कहते हुए टालमटोल करता रहा। हत्या वाली 5 और 6 जुलाई की रात को मृतक सुनील उर्फ पप्पन अपने साथियों के संग शराब पार्टी करने के बाद घर लौट रहा था। जबकि परशुराम अपनी गाड़ी लेकर घर जा रहा था। दोनों रास्ते में मिल गए, परशुराम ने मृतक को अपनी गाड़ी में बैठाया और गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर गांव भीटेड़ा में कॉलेज के सामने सुनसान जगह पर ले गया। यहां पहले दोनों ने बैठकर शराब पी और फिर दोबारा से किराए के पैसे का जिक्र हुआ। जिसको लेकर आपस में हॉट टोक हो गई। मृतक ने परशुराम की पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी की। जिससे आरोपी आवेश में आ गया और गाड़ी के अंदर रखी हुई ट्रकों के बैटरी लगाने की केबल से ताबड़तोड़, मारपीट कर दी। केबल में बोल्ट लगा हुआ था। युवक को इतना मारा की केबल में लगा हुआ बोल्ट टूट गया। जब मृतक नीचे गिर गया तो उसके ऊपर कार भी चढ़ाई। जिसके शरीर पर निशान मिले थे। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया ।

# बड़े धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** उपखंड के गांव बलवा का बास में गुरुवार को आषाढ़ मास की शुक्लपक्ष की पंचमी के अवसर पर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भगवान शिव परिवार की नगर परिक्रमा के साथ महिलाओं ने विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रही। आपको बता दें कि सबलपुरा ग्राम पंचायत के बलबा का बास में नवनिर्मित शिव मंदिर में 12 जुलाई को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जायेगा। भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर विशाल भंडारा किया जायेगा। जिसको लेकर आज से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर गाजे बाजे के साथ कस्बे के मुख्य रास्तों से होती हुई वापस शिव मंदिर पहुंची। इस दौरान शिव परिवार की नगर परिक्रमा करवाई गई। जहां ग्रामीणों ने भगवान के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की। आयोजकों ने बताया कि भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है। कल 12 जुलाई को सुबह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी और उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# 2 साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बानसूर ( नि.स. )।** स्थानीय थाना पुलिस ने 2 साल से फरार चल रहे चोरी और नकबजनी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक बानसूर थाने के टॉप -10 बदमाशों की लिस्ट में शामिल है और मकान में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।थाना प्रभारी अरुण सिंह ने बताया कि 2 साल पहले थाना क्षेत्र के बासना गांव में बंद मकान में घुसकर संदूक का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर और नगद रुपए चोरी कर फरार हो गया था। जिसको लेकर बानसूर पुलिस पिछले 2 सालों से आरोपी युवक की तलाश में थी। जिसको लेकर पुलिस की टीम ने आरोपी युवक कुलदीप जाट निवासी बासना को बुधवार की शाम गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी युवक से घटना को लेकर पुछताछ कर रही है।

# जलदाय विभाग से लगे रामचंद्र जी के मंदिर में पानी भराव की समस्या

## एक महीने से पुजारी का परिवार और श्रद्धालु परेशान, जनसुनवाई के दौरान पुजारी ने रोते हुए बताई समस्या

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के जलदाय विभाग के परिसर के पिछले एरिया में बनी पेयजल टंकी के पंप हाउस का ओवर फ्लो और लीकेज पानी कर्मचारियों की लापरवाही से चारदीवारी के डंडे से होते हुए पुराने रामचंद्र जी के मंदिर में घुस रहा है। करीब एक महीने से यह समस्या बनी हुई है ऐसे में लगातार पानी घुसने के चलते मंदिर परिसर का निचला इलाका पानी से भर गया है। इस समस्या से मंदिर परिसर में रहने वाला पुजारी और उसका परिवार सदमे में है तथा दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। पीड़ित पुजारी कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुका है। समस्या को लेकर गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान पुजारी ने एसडीएम को समस्या से अवगत कराया है और जल्द समाधान की मांग की है।

शहर के स्टेट समय के राजा रामचंद्र मंदिर की पुजारी पवन दीक्षित पुत्र केशव चन्द्र दीक्षित ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रामचंद्र जी मंदिर परिसर में अपने पूर्वजो के समय से रह रहे है और भगवान राम और उनके भाइयों सहित पूरे परिवार की पूजा अर्चना करते हैं। यह मंदिर देवस्थान विभाग से जुड़ा है और सैकड़ो वर्ष पुराना है। उक्त मंदिर के निचले परिसर में ही उनका निवास है। जिसका दक्षिणी हिस्सा जलदाय विभाग की दीवार से जुड़ा है। पिछले एक महीने से जलदाय विभाग के पानी की टंकी का जो पंप हाउस है उसमें से पानी ओवर फ्लो होने या लीकेज होने से सीधे चारदीवारी के नीचे से होकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहा है। इस पानी ने पूरे निचले इलाके को घेर लिया है जिसमे रसोई घर,बाथरूम और कमरे शामिल है। पानी भराव होने से अब रास्ता निकलना मुश्किल हो गया है। उक्त समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिशासी अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियो को अवगत कराया था और समस्या समाधान की मांग की लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।

जनसुनवाई के दौरान मंदिर पुजारी पबन दीक्षित ने अपने परिवार के साथ अधिकारियो को समस्या से अवगत कराया है और समाधान की अपील की है।

### इनका कहना हैं -

जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता जय नारायण चेटीवाल का कहना है की पेयजल टंकी और पंप हॉउस के ओवर फ्लो होने पर कभी-कभार पानी चला जाता होगा। ऐसा नहीं है की मंदिर परिसर में पानी भराव हुआ हो और वह जलमग्न हो। फिर भी यदि शिकायत हुई है तो एक बार और दिखवा लिया जायेगा।



# लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत 101 औषधीय, छायादार व फलदार पौधे रोपे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा 09 जुलाई को रीजन चेयरपर्सन रीजन 2 सांवरिया लायन गिरीश गुप्ता के नेतृत्व में एवं अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल , सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन संध्या अग्रवाल के देखरेख में संयोजक लायन रामबाबू गुप्ता एवं लायन अनिल बंसल ने क्लब सदस्यों के सहयोग से लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत 9 जुलाई को अलवर टेनिस एकेडमी , 11 जुलाई को संयोजक लायन डॉ. मंजू अग्रवाल के सहयोग से ढ्ढक्कस्रू होम्योपैथिक कॉलेज में 101 औषधीय पौधों , छायादार वृक्ष, फलदार पौधे द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ।



कार्यक्रम का प्रारंभ इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो ना प्रार्थना से किया गया तद्पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम किया गया ! कार्यक्रम के संयोजक लायन रामबाबू गुप्ता , लायन अनिल बंसल एवं लायन डॉ.मंजू अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के क्लब की तरफ से पर्यावरण सुरक्षा अभियान के तहत जगह जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम किये जा रहे है

पौधारोपण कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन रीजन 2 सांवरिय लायन गिरीश गुप्ता, अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल,सचिव लायन सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन संध्या अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लायन संदीप अग्रवाल, पूर्व सचिव लायन विनोद अग्रवाल, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन लोकेश यादव , पूर्व सचिव लायन मृदुल खंडेलवाल, लायन रामबाबू गुप्ता, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन राजेश गोयल, लायन अनिल बंसल, लायन लक्ष्मी अग्रवाल, लायन सरोज बंसल सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया ।

# जिला कलक्टर रामगढ़ क्षेत्र के निरीक्षण पर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने रामगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के गांव बगड़ मेव में राजकीय महात्मा गाँधी इंग्लिश मीडियम स्कूल व प्राथमिक स्कूल, नरेगा कार्य स्थल व पीएचसी तथा श्रीया का बास(अग्यारा) में आंगनबाड़ी केंद्र व नरेगा स्थल का निरीक्षण व पौधरोपण किया। सीएचसी रामगढ़ व बगड़ राजपूत में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत चरागाह विकास कार्य तथा इसके पश्चात् उन्होंने रामगढ़ उपखण्ड मुख्यालय पंचायत समिति सभागार में आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का निरीक्षण किया।



उन्होंने ष्ट।ष्ट व क्क।ष्ट के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करावें,मरीजों को बेहतर उपचार मिले इसके प्रयास करें। उन्होंने साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने इंग्लिश मीडियम स्कूल में इंग्लिश स्पोकन क्लासेज लगाने हेतु सीबीईईओ को निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों से वार्ता कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर निर्देश दिये की बच्चों को पोषाहार नियमित दिया जावे तथा स्कूल पूर्व शिक्षा भी दी जाये। जिला कलक्टर ने नरेगा के कार्यस्थलो पर बनी जल संरचनाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने वहाँ पौधरोपण कर पर्यावरण सन्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार के पौधरोपण अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जन भागीदारी के साथ पौधरोपण करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु के मध्येजर जल स्रोतो पर आमजन कि सुरक्षा हेतु चेतावनी बोर्ड लगाए तथा इनकी निगरानी रखी जाये।इसके पश्चात् जिला कलक्टर ने रामगढ़ में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का निरीक्षण कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान ढ्ढत्र के भूमि आवाप्ति अधिकारी भारत भूषण दीक्षित, उपखण्ड अधिकारी सुश्री नीतू करोल,विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीए बनी अनुष्का, बोली सेल्फ स्टडी से बेहतर कुछ नहीं

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सीए के गुरूबार को आए परिणाम में एक बार फिर से बेटियों ने सिक्सर लगाया है। अलवर कालकुआ हाउसिंग बोर्ड के रहने वाले कपड़ा व्यसायी मुकेश जैन की पुत्री अनुष्का जैन ने बाजी मारी है। शादी से पहले फाइनल का एक ग्रुप पास हो हुआ था फिर 4 अटेम्प तक सेकंड ग्रुप किलीयर नहीं होने के बाद ठानी और आखिर कार जीत हासिल कर ही डाली। सबसे बड़ी बात ये की अनुष्का कहीं कोचिंग नहीं गई बस लगन से खुद से पढ़ाई की और नतीजा सबके सामने है। अनुष्का की बहन शिखा जैन 2014 में सीए बन गई थी। घर मे दूसरी बेटी ने भी खानदान का नाम रोशन कर दिया अनुष्का के ताऊजी उद्योगपति और समाजसेवी पवन जैन चौधरी का कहना है कि उन्होंने बेटियों को हमेशा बेटों से अधिक चाहा है। बेटियां एक नहीं बल्कि दो परिवारों की इज्जत और उनका नाम रोशन करती हैं। अनुष्का के का बनने पर सोशल मीडिया पर उनके परिवार जनों व प्रशंसकों ने ढेरो बधाई व शुभकामनाएं दी। अनुष्का ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लगातार करने वाली मेहनत कभी खराब नहीं जाती मैंने बिना कोचिंग के घर पर लगातार अध्ययन करके अपने परिवार जनों के प्यार और स्नेह से यह



जीत हासिल की है मेरी दीदी सीखने मुझे इस पढ़ाई के लिए काफी मोटिवेट किया सभी परिवार जनों का लगातार प्यार मिला इसलिए सफल हो पाई हूं।

# पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान



**अलवर ( का.स. )।** शहर में गुरुवार को 6- श्री राम नगर, ह्श्वक्क हाउसिंग बोर्ड, अलवर निवासी श्री प्रीतम अरोड़ा जी के पूज्य पिताजी श्री नारायण दास अरोड़ा ( नारायण होटल वाले, जनता मार्केट स्टेशन रोड )के आकस्मिक निधन के उपरान्त, उनके नेत्रदान कर दिए।नारायण सेवा संस्थान की अलवर शाखा के अध्यक्ष आर. एस. वर्मा ने बताया की उनके पुत्र श्री प्रीतम अरोड़ा ने पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन करके अपने पिता जी के नेत्रदान करवाने के लिए कहा।

# महापौर घनश्याम गुर्जर ने किया नाला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर निगम क्षेत्र के समस्त जोनों में गुरुवार से नाला सफाई व्यवस्था शुरु की गई। नाला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर और आयुक्त डॉ. बजरंग सिंह चौहान सहित निगम के अधिकारी और जोन प्रभारी उपस्थित रहे। नगर निगम महापौर और आयुक्त ने निगम क्षेत्र के स्वर्ग रोड नाले, स्टेशन रोड के समीप स्थित नाले और प्रीतविहार, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नाले पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित जोन प्रभारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त डॉ. बजरंग सिंह चौहान ने बताया कि संवेदक द्वारा लगाई गई समस्त जेसीबी और अन्य संसाधनों की लगातार मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्थान पर जमादार पाबंद किए गए है। जो प्रतिदिन जोन प्रभारियों के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# गायत्री परिवार ने पुरजन विहार में 200 से ज्यादा पौधे लगाए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गुरुवार को सुबह शहर के पुरजन विहार में गायत्री परिवार अलवर की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉ सरोज गुप्ता,सहायक प्रबन्धक ट्रस्टी, जिला युवा प्रभारी, अराधना ग्रुप, डॉ प्रमोद रावत के मार्गदर्शन में 200 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए।इस कार्य में पुरजन विहार के युवा मंडल के सदस्यों, बुजुर्ग सदस्यों व गायत्री परिवार की युवा मंडल के सदस्यों ने सहयोग किया। ज्ञात रहे कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के सप्त सूत्री अभियानों में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाता है। इस बार गायत्री शक्तिपीठ पर 2300 से भी अधिक पौधे मंगवाए गए हैं जिन्हें जन जागरण अभियान के माध्यम से रोपित किए जाने हैं। गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर प्रतिदिन विभिन्न सामुदायिक संगठनों के सदस्य अपनी आवश्यकता अनुसार स्वयं पौधे ले जाकर जन जागरण अभियान चला कर एक व्यक्ति एक पौधा की जिम्मेदारी देकर रोपित करवा रहे हैं। आज इसी श्रृंखला में पुरजन विहार में शहर के जिम्मेदार नागरिकों के द्वारा पौधे लगाकर उसे पालने की जिम्मेदारी ली गई।

# सियाराम टेक्सटाइल के अवार्ड सेरेमनी में अलवर की अमित चंद्रा टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड ने पाया बेस्ट सेलर अवार्ड

## व्यापारियो के साथ पारदर्शिता से मिला सम्मान- पवन जैन (चौधरी)



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जानी मानी कम कपड़ा कंपनी सियाराम टेक्सटाइल का सेमिनार और अवार्ड फंक्शन फुकेट में आयोजित किया गया। जहां अलवर की अमित चंद्रा टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड लगातार 16 वे वर्ष राजस्थान में प्रथम स्थान पर रही। कंपनी के डायरेक्टर पवन जैन (चौधरी( अपनी पत्नी मधु जैन के साथ अवार्ड लेने मंच पर पहुंचे जैसे ही अवार्ड लेने पहुंचे तालिया की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि सियाराम होलसेल सेल में राजस्थान में पिछले 15 साल से हर साल का अवार्ड अमित चंद्रा टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड को मिल रहा है। अपनी बेहतरीन व्यवसाय सेवाओं के चलते यह अवार्ड हर वर्ष अमित चंद्रा टेक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड को मिल रहा है। उद्योगपति पवन जैन ( चौधरी) ने बताया कि व्यापारियों के साथ बेहतरीन तालमेल पारदर्शिता के कारण पिछले 15 साल से हाईएस्ट सेल का अवार्ड मिल रहा है इसके लिए वह सभी व्यापारियों का आभार प्रकट करते हैं। अवार्ड लेने के लिए मंच पर पवन जैन चौधरी अपनी पत्नी मधु के साथ मंच पर पहुंचे थे।

# यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने लगातार सातवें वर्ष निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** कस्बे के भृतहरी मंदिर रोड स्थित यूनिक ग्रुप ऑफ एजुकेशन में गुरुवार को लगातार सातवें वर्ष भी निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिक ग्रुप के चेयरमैन सुमित यादव ने बताया कि वर्षा ऋतु के मौसम की शुरुआत होने पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों को हजार पौधे वितरित किए गए ।इस उपलक्ष पर शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश कुमार माधव अस्पताल मुख्य अतिथि रहे।जिनका तिलक लगाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।उन्होंने विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के लिए मार्गदर्शित किया और कटते जंगल और बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए पौधारोपण के वैज्ञानिक महत्व को समझाया। यूनिक समय-समय पर पौधारोपण एवं अन्य सामाजिक सरोकार की भूमिका में कार्य करता आया है ।। जिसमें रक्षाबंधन दीपावली पर चीनी वस्तुओं के बहिष्कार समय-समय पर गौशाला भ्रमण शहीद स्मारक स्थलों की सफाई मुख्य है।जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक कार्य एवं क्रियाकलापों के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार होता है।। इस अवसर पर निदेशक सुमित यादव, प्रधानाचार्य निरंजन लाल यादव, मैनेजमेंट नरेंद्र , धर्मवीर शास्त्री , कृष्ण , राजेश , रमेश तेजपाल सिंह तथा अभिभावक गण मौजूद रहे।

# न्यूनतम समय में परिवादों का निस्तारण करें : कलक्टर

## सांगोद में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में गुरुवार को सांगोद में आयोजित उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में डॉ गोस्वामी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परिवादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनकर नियमानुसार उनका समाधान करें। उन्होंने प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने के लिए उपखंड अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि जनसुनवाई ग्राम पंचायत स्तर की हो या उपखण्ड स्तरीय हो, सभी स्तरों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण जितना जल्दी संभव हो किया जाना चाहिए तथा समय लगने वाली शिकायतों के विषय में प्रार्थी को अवगत कराया जाना चाहिए।

उपखण्ड अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि जनसुनवाई में नगर पालिका, पंचायतीराज, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश परिवादों का निस्तारण कलक्टर डॉ गोस्वामी के निर्देश पर तत्काल मौके पर ही करवाया गया। उन्होंने बताया शेष परिवादों को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को देकर निश्चित समयावधि में समाधान कर प्रार्थी को अवगत कराने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान अमृतकुआं के प्रधान जयवीर सिंह, उपप्रधान ओम नागर, पुलिस उपाधीक्षक नरेन्द्र नागर, खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रप्रकाश दूबे सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान में कलक्टर ने किया पौधारोपण**

सरकार द्वारा पर्यावरण सुरक्षा को लेकर शुरू की गई अभिनव पहल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी एवं जनप्रतिनिधियों ने सांगोद पंचायत समिति में स्थित स्वामी विवेकानन्द पार्क में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर मंगल कार्य जैसे जन्म दिन, पूर्वजों की पुण्यस्मृति एवं विवाह वर्षगाठ सहित अन्य शुभ अवसरों को यादगार बनाने के लिए आमजन को एक पौधा लगाना चाहिये और उसकी देखरेख परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोटीसादड़ी को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने के लिए विधायक कृपलानी ने विधानसभा में किया ध्यानाकर्षण

उबढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा(नि.स.)।** राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियमों के नियम 295 के अंतर्गत विशेष उल्लेख प्रस्ताव पर बोलते हुए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने गुरुवार को विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छोटीसादड़ी को उप जिला चिकित्सालय 100 बेडड में क्रमोन्नत करने की ओर ध्यान आकर्षित किया।

16 वी विधानसभा के द्वितीय सत्र के बजट सत्र के दौरान सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोटीसादड़ी पर 4 चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवाये दे रहे है, जिसमें सर्जन, एनेस्थीसिया, शिशुरोग, हड्डी रोग के पद रिक्त है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोटीसादड़ी का प्रतिदिन का ओपीडी भार 400-450 मरीज प्रतिदिन का है तथा ट्राईबल एरीया होने से प्रतिमाह लगभग 100-120 प्रसव प्रतिमाह होते है, जिनमें कुछ जटिल प्रसव की स्थिती में मरीजों को सर्जन एवं एनेस्थीसिया चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पद होने से अन्यत्र उच्च चिकित्सा संस्थान को रेफर करना पडता है।

विधायक कृपलानी ने कहा कि नेशनल हाइवे शहरी क्षेत्र के पास से गुजरने के कारण 24ङ्ग7 आपातकालीन चिकित्सकीय सेवायें भी इसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुचारू रूप से संचालित है, लेकिन गम्भीर मरीजो को हड्डी रोग व अन्य चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पद होने से अन्यत्र उच्च चिकित्सा संस्था को रैफर करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छोटीसादड़ी में प्रति बुधवार को नि:शुल्क गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जाती है तथा यहां स्टेटिक सेन्टर होने के कारण नसबन्दी केम्प का



आयोजन भी किया जाता है, जिसमें आप-पास के 30 किलोमीटर के मरीजों को केम्प के माध्यम से लाभान्वित किया जाता है।

विधायक कृपलानी ने उपरोक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि आमजन को बेहतर चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध करवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोटीसादड़ी को उप जिला चिकित्सालय 100 बेडेड में क्रमोन्नत किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

# कोटा उत्तर उप महापौर ने लिखा महापौर व आयुक्त को पत्र

## निगम कोटा उत्तर की बोर्ड बैठक की तिथि घोषित करने व पार्षदों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को शामिल करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा उत्तर के उप महापौर सोनू कुरैशी ने आयुक्त कोटा उत्तर नगर निगम एवं महापौर कोटा उत्तर नगर निगम को पत्र लिखकर बोर्ड बैठक शीघ्र कराए जाने की मांग की है साथ ही पार्षदो द्वारा दिए गए प्रस्तावों को एजेंडे में शामिल करने की मांग की गई है।

उप महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि 12 जुलाई 2024 को दोपहर 3 बजे आयोजित की जानी थी। परन्तु अपरिहार्य कारणो से (बोर्ड बैठक) को स्थगित कर दी गई है। जिससे आमजनों की समस्याओं से जुडे मुद्दों को जनप्रतिनिधियों द्वारा बोर्ड के समक्ष नहीं रखा जा सकेगा। पूर्व बोर्ड बैठक की पालना रिपोर्ट अब तक प्रस्तुत नहीं की गई है। प्रत्येक बोर्ड बैठक के दौरान सफाई कार्य से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाती है, चर्चाओं पर निर्णय भी लिए जाते है। परन्तु निर्णयों की अभी तक पालना नहीं कि गई है। इसलिए लिए गए निर्णयों की पालना के लिए समय सीमा निर्धारित की जावें। साथ ही बोर्ड बैठक में पार्षदो द्वारा दिए गए प्रस्तावो को शामिल करें और एजेण्डे में जनता से जुड़े मुद्दों और कोटा उत्तर की चरमराई सफाई व्यवस्था को लिया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बे समय बाद बैठक होगी तो लोगों के कई विषय हैं जो मंथन किए जाने हैं, इसलिए पार्षद को पूरा मौका दिया जाना चाहिए और उनकी बात को गंभीरता से बैठक में सुना जाए और समस्याओं का समयबद्ध निराकरण किया जाए।

# कांग्रेस चिंता न करे, घोषणाओं को पूरा करने में भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह सक्षम : अरविन्द सिसोदिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलेट के द्वारा भाजपा सरकार के बजट पर दी गई प्रतिक्रिया के जवाब में भाजपा मीडिया विभाग के कोटा संभाग संयोजक अरविन्द सिसोदिया नें कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत की गप्पो को राजस्थान की जनता जान-समझ गई थी और उसने गहलोत को गद्दी से उतारकर इसकी सजा भी दी है। सिसोदिया ने कहा कि गहलोत सरकार नें अपने पांच साल के कार्यकाल में साढ़े चार साल तक जनता का शोषण और दोहन किया और आख़री 6 महीने वोट ठगने में लगा दिये। इसके लिए गहलोत सरकार नें राजस्थान को गिरबी रख कर हजारों करोड़ रूपये उधार लेकर प्रलोभन पर व्यय किए,किन्तु राजस्थान की जनता नें गहलोत के प्रलोभनों को नकार कर कुशासन और अव्यवस्था वाली कांग्रेस सरकार को गद्दी से उतार कर घर बिठा दिया है। सिसोदिया नें कहा कि कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट को अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत से पूछना चाहिए कि उन्होनें राजस्थान को इतने भारी भरकम कर्ज में क्यों डुबो दिया और लिया कर्ज कहां खर्च किया ? कांग्रेस महासचिव पायलेट को चिंता करने की जरूरत नहीं है, राजस्थान सरकार के बजट की घोषणाओं को पूरा करने की गारंटी , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरी तरह सक्षम है। कोटा संभाग मीडिया संयोजक सिसोदिया नें कहा कि जनता द्वारा कुशासन के कारण गद्दी से उतार दी गई कांग्रेस को आलोचना के बजाय, इस बात का धन्यवाद देना चाहिए कि भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार नें राजस्थान की सभी कल्याणकारी योजनाओं और गारंटीयों को भारी भरकम कर्ज दबाव के बाद भी पूरा कर रही है , जारी रखे हुए है। सिसोदिया ने कहा गहलोत सरकार नें अपने पीछे भारी भरकम कर्ज, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा, गुंडागर्दी और माफियावाद का संरक्षण और भयानकतम भ्रष्टाचार छोड़ा था, जिसे भाजपा की भजनलाल शर्मा सरकार नें अपने कुशल नेतृत्व से दूर किया है। संभाग संयोजक सिसोदिया नें कहा कि भाजपा सरकार को केंद्र की मोदी सरकार का संरक्षण प्राप्त है और डबल इंजन की सरकार बन कर तेज गति से कल्याणकारी कार्य कर रही है।

# सफाई के नाम पर लीपापोती : तबस्सुम मिर्ज़ा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** नगर निगम कोटा दक्षिण वार्ड 14 की पार्षद तबस्सुम मिर्ज़ा ने बताया की पिछले जून माह मे वार्ड के बरसाती नालो की सफाई मशीन द्वारा नगर निगम कोटा दक्षिण ने करवाई थी जो की सफाई के नाम पर लीपापोती की गयी। सफाई के दौरान जो भी मलवा निकला गया उसको उठाने का काम भी ठेकेदार का था। उस मलवे को निकाल कर जगह जगह ढेर कर रखे जोकि आज तक उठाया नही गया है। नालो मे से निकले गये कचरे को उठाने से क्षेत्र मे महामारी फैलने की संभावना पुरी तरह बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नालो मे से निकले गये कचरे को उठाने के लिए मैं महापोंर एवं आयुक्त को पत्र लिखकर अपनी समस्या बताई जा चुकी हूं लेकिन इस समस्या पर नगर निगम प्रशासन समाधान नही कर रहा है। जन समस्या निवारण मंच के संभागीय अध्यक्ष आसिफ मिर्ज़ा ने बताया कि नालो की सफाई के नाम पर गठबड़ घोटाला चल रहा है। नगर निगम कोटा दक्षिण नालो की सफाई हर साल करवाता आ रहा है और नालो की सफाई के नाम पर करोड़ो रुपये खर्च किये जाते है लेकिन नगर निगम की इतनी बड़ी लापरवाही है कि जिस मशीनों को नालो की सफाई मे लगाया जाते है उनकी कोई देख रेख नही करता है।

# वार्ड 65 में शराब की दुकानों से आ रही समस्याओं को लेकर पार्षद शालिनी गौतम ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा शहर महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष एवं कोटा दक्षिण नगर निगम वार्ड 65 की पार्षद शालिनी गौतम ने वार्ड वासियों को साथ लेकर वार्ड में मुख्य चौराहे पर गैर वाणिज्यिक रूप से चल रही शराब की दुकानों में हो रही शराब ब्लेक होने से आ रही आमजनों को परेशानियों के सन्दर्भ में कोटा कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

शालिनी ने बताया कि वार्ड 65 के महर्षि गौतम चौराहे के नजदीक महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर 3 व संतोषी नगर क्षेत्र मे शराब की 2 दुकाने संचालित है जिससे दिनभर चौराहे के आसपास शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है और अब तो दुकान खुलने से पहले और दुकान बंद होने के बाद भी शराब बेचने का अवैध कारोबार चल रहा है । जिससे वार्ड वासियों को सुबह के समय एवं रात के समय मे घूमते आमजन को इस समस्या का सामना करना पढ़ रहा है। इसी सन्दर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन दिया है कि इस मामले मे मांग रखी है की निष्पक्ष रूप से त्वरित कार्यवाही कर दुकानों को पूर्ण रूप से सीज किया जाये, अन्यथा हम सब वार्ड वासियों को धरने पर मजबूरन बैठना पड़ेगा।




# जैन साध्वियों का चातुर्मास के लिए कपासन नगर में आज होगा मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** जैन साध्वीयो का नगर में स्थित समता भवन में चातुर्मास के लिए शुक्रवार को मंगल प्रवेश होगा।जिसको लेकर पदाधिकारियो द्वारा रूपरेखा तैयार की गयी। साधुमार्गी जैन संघ कपासन मंत्री गजेंद्र बाघमार ने बताया कि आचार्य रामलाल मरासा की आज्ञानुवर्ती की महासतिया शासन दीपिका श्री,विद्यावती नमन श्री,मर्यादा श्री,हर्षिता श्री सतिया का चातुर्मास के लिए शुक्रवार को नगर के समता भवन में मंगल प्रवेश होगा।प्रात: 8 बजे संपतलाल हिंगड़ के आवास से जयकार के उदगोश के साथ प्रस्थान कर पांचबत्ती चौराहा,सदर बाजार से होकर समता भवन में पदार्पण होगा।महासतिया ने धर्मसभा में इस चातुर्मास को धर्म तप के साथ आत्म कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करने पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर श्रावक श्राविका द्वारा चातुर्मास मे त्याग तप आराधना के साथ इस चातुर्मास को भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया।समता युवा संघ अध्यक्ष भूपेश मारू,समता महिला मंडल प्रतिनिधि रेखा बाघमार,चातुर्मास समिति संयोजक मदन चंडालिया, साधुमार्गी जैन संघ अध्यक्ष अरुण चंडालिया,मेवाड़ अंचल पूर्व अध्यक्ष अशोक चंडालिया,सुरेश दुग्गड़,अनिल चंडालिया,नंदलाल सिरोया आदि ने साध्वियों के मंगल प्रवेश की रूपरेखा तैयार की गयी।

# शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

## रामगंजमण्डी के धनियां गोदामों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, 4 टन धनिया सीज

### दूध डेयरी और मिठाई दुकानों से उठाए 4 नमूने, तेल की गुणवत्ता भी जांची

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/रामगंजमण्डी।** जिले में चिकित्सा विभाग की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। गुरूवार को विभाग के खाद्य सुरक्षा दल ने रामगंजमण्डी पहुंचकर दो धनिया कारोबारियों पर कार्रवाई की। टीम ने शिकायत के आधार पर जुल्मी रोड स्थित दो अलग-अलग धनिया व्यापारियों के गोदामों पर छापा मारा और मिलावट की आशंका पर 4 टन साबुत धनिया सीज कर दिया। टीम ने एक फर्म के गोदाम पर 60 कट्टों में भरा 2400 किलो एवं दूसरी फर्म के गोदाम पर 40 कट्टों में भरा मिला 1600 किलों साबुत धनिया सीज करते हुए धनिये का एक-एक नमूना लिया।

सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामगंजमंडी में कचरे की मिलावट कर धनिया बेचा जा रहा है। इसी आधार पर ये कार्रवाई की गई है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। टीम ने नगर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में घूमकर मिठाई की दुकानों और दूध डेयरियों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान एक एक दूध डेयरी से मावा, पनीर के 2 नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिए हैं। टीम ने क्षेत्र में ही कचौरी, नमकीन की चार दुकानों पर तलने में काम लिए जा रहे तेल की गुणवत्ता को भी टीपीसी मीटर की मदद से जांचा जो मानक स्तर का ही पाया गया। टीम ने धनिया सहित लिए गए चारों खाद्य नमूनो को कोटा की खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा सकेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम और सहायक चेतराम मीणा शामिल रहे।



# रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

## बच्चों ने बनाए मनमोहक चित्र, लिखे प्रेरणास्प्रद स्लोगन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ की ओर से शहर के कई स्कूलों में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने चित्र बनाकर जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम के बारे में इंगित किया वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में भी बच्चों ने स्लोगन के माध्यम से जनसंख्या दिवस का महत्व बताया और बढती जनसंख्या के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं की और ध्यान आकर्षित किया।

क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने जिस तरह से चित्रण किया और स्लोगन लिखे उससे लगता है कि यह समस्या बडी विकट है और इसका समाधान निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्लब के माध्यम से अच्छे चित्र और स्लोगन बनाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।




विभिन्न स्कूलों में आयोजित आयोजित प्रतियोगिता में 1400 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया।

सचिव गौरव सूद ने बताया कि इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर आनंद खंडेलवाल, प्रदीप सिंह गौड, अरुण उपाध्याय, मंथन नागर , धर्मेश भटनागर, प्रवीण गुप्ता, पंकज चतुर्वेदी आदि ने भाग लिया एवं सभी स्कूल संचालकों का धन्यवाद किया।

# शिक्षिका ने कार से मारी टक्कर, दो लड़कियों को आई गंभीर चोट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/झालावाड़।** जिले के सुकेत थाना इलाके के सरकारी स्कूल में गुरुवार को कार से दुर्घटना होने का मामला सामने आया है। स्कूल में ही पढ़ने आई दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनका उपचार झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के एसआरजी अस्पताल में करवाया जा रहा है। गुरुवार सुबह 11:30 बजे के आसपास की है। स्कूल की शिक्षिका ही कार को बैक में ले रही थी, जिससे यह हादसा हो गया। सुकेत थाना अधिकारी रघुवीर सिंह हाडा के अनुसार डिंग्सी गांव के सरकारी स्कूल में यह हादसा हुआ है। स्कूल में शिक्षिका आशा गुप्ता अपनी कार को रिवर्स में ले रही थी। इसी दौरान स्कूल में पीछे कुछ बच्चे पढ़ रहे थे। इन बच्चों के ऊपर यह कार चढ़ गई, जिसके चलते कुछ बच्चे चोटिल हुए हैं। इनमें दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हुई है। ये छात्राएं बरखा और गिरिका है। दोनों बालिकाएं कक्षा 3 में पढ़ती है, ऐसे में 7 से 8 साल के बीच उनकी उम्र है। दोनों बालिकाओं को सुकेत अस्पताल ले जाने की जगह सीधे ही झालावाड़ उपचार के लिए ले गए हैं, जहां शिक्षिका ही उनका उपचार करवा रही है. इस संबंध में फिलहाल प्रारंभिक जानकारी ही मिली है। किसी तरह की शिकायत अभी हमें नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद उसमें कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलने के बाद बालिकाओं के परिजन भी पहले स्कूल और फिर झालावाड़ पहुंच गए हैं, जहां पर उपचार करवा रहे हैं।

# चड्डी बनियान गिरोह की एंट्री या मोग्या गैंग दे रही चोरी की वारदात को अंजाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के बारां रोड स्थित कोचिंग एरिया कोरल पार्क में चोरी की वारदात सामने आई है, जिसमें एक बाइक को चोर उठाकर रात के समय लेकर चले गए। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें चड्डी बनियान पहने हुए लोग नजर आ रहे हैं।

यह माना जा रहा है कि संभवतया चड्डी बनियान गिरोह की कोटा में एंट्री हो गई है। जबकि इस मामले से इनकार कर रही है।पुलिस के अनुसार यह मोग्या गैंग है, जिनके संबंध में अहम सुराग भी पुलिस को मिले हैं और जल्द ही वारदातों का खुलासा कर दिया जाएगा।

बोरखेड़ा थाना अधिकारी राम लक्ष्मण गुर्जर के अनुसार यह चोरी की वारदातें मोग्या गैंग की ओर से अंजाम देना सामने आ रहा है. यह कच्छा बनियान गिरोह की वारदात नहीं है।

पुलिस मामला सामने आने के बाद तुरंत एक्टिव हो गई थी और इस मामले में अहम सुराग भी हमें हाथ लग गए। जल्द ही घटना को अंजाम देने वाले चोरों को पकड़ा जाएगा।कोरल पार्क हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के अनुसार कोरल पार्क के पीछे का एरिया लगभग सुनसान जैसा ही रहता है। वहां पर एक हॉस्टल के बाहर पांच बाइक खड़ी हुई थी, जिनमें से तीन बाइकों को 6 चोरों का एक गिरोह चुरा कर ले गया. शेष दो बाइक भी इसलिए बच गईं। क्योंकि हॉस्टल में मौजूद स्टाफ जग गया था। इसके बाद यह चोर मौके से भाग गए. यह पूरी वारदात बुधवार देर रात 2 बजे के आसपास हुई है।

# 'हरित चित्तौड' अभियान के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** हरित चित्तौड़ अभियान के तहत जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के लिए गुरुवार को जिले के जिले के प्रमुख स्थानों जैसे सरकारी कार्यालय, स्कूल, पार्क, सड़कों के किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक पौधारोपण किया गया। इस अभियान में जिला प्रशासन, वन विभाग, एनजीओ, स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों, राजीविका की महिलाओं के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। तहसील कार्यालय, बस्सी में तहसीलदार गजराज मीना के नेतृत्व में कार्मिकों ने पौधारोपण किया।

इस अवसर पर आम, करंज, जामुन, नीम, अशोक, शीशम आदि के 40 पौधे लगाए गए। साथ ही, प्रत्येक कार्मिक को पौधे के संरक्षण व संवर्धन की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर गिरदावर प्यारेलाल, मदन, दौलतराम पटवारी निर्भयराम, मिठूलाल, जया, किशन, देवेंद्र, रौनक, सुशीला, रघुबीरसिंह, शिव, प्रमोद आदि उपस्थित रहे ।



# स्पाइस जेट की क्रू मेंबर ने एएसआई को मारा थप्पड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आपसी विवाद के बाद गुरुवार को स्पाइस जेट की क्रू मेंबर ने सीआईएसएफ के एएसआई को थप्पड़ मार दिया। एएसआई ने एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज करवाया है। इस पर स्पाइस जेट की क्रू मेंबर को गिरफ्तार कर लिया गया है। क्रू मेंबर अनुराधा रानी की ओर से भी शिकायत दी गई है। पुलिस के अनुसार घटना गुरुवार अलसुबह की है। एसआई की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कराने के बाद क्रू मेंबर अनुराधा रानी को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट में एंट्री के दौरान दोनों में बहस हुई थी और इसी बीच उसने हाथ उठा दिया। क्रू मेंबर अनुराधा रानी की बैक ऑफिस में ड्यूटी है। सुबह 4रू40 बजे वह एयरपोर्ट पर पहुंची थी। इस दौरान यहां सीआईएसएफ के एएसआई गिरिराज प्रसाद की ड्यूटी थी।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान


# नीट पर सुनवाई अब 18 जुलाई को : सुप्रीम कोर्ट ने तारीख बढ़ाई ताकि केंद्र और एनटीए के हलफनामे पर याचिकाकर्ता पक्ष रख सकें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नीट मामले में गड़बड़ी को लेकर 38 याचिकाओं पर अगली सुनवाई अब 18 जुलाई को होगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार और एनटीए के हलफनामे पर याचिकाकर्ताओं को जवाब देने के लिए समय दिया है। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि कोर्ट के 8 जुलाई के निर्देश के जवाब में केंद्र और एनटीए ने अपने हलफनामे दायर कर दिए हैं। हालांकि, बेंच ने ये पाया है कि कुछ याचिकाकर्ताओं को अभी तक केंद्र और एनटीए के हलफनामे नहीं मिल पाए हैं। मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को की जाएगी।

### सीजेआई की बेंच ने की दूसरी सुनवाई

सुनवाई के लिए 11 जुलाई को कोर्ट में नीट का केस 40 से 45 मामले पर लिस्ट किया गया था। केस 33 की सुनवाई के बाद सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कल सबसे पहले नीट पर सुनवाई होगी। इसके बाद इसे सोमवार तक के लिए टाल दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बुधवार को केस की सुनवाई करने की रिक्वेस्ट की। फिलहाल, कोर्ट ने अगली सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की बेंच के सामने नीट मामले की पहली सुनवाई 8 जुलाई को हुई थी। इसके बाद 11 जुलाई को अगली सुनवाई की डेट दी गई थी। कोर्ट ने 10 जुलाई की शाम तक एनटीए, केंद्र सरकार, सीबीआई और रीटेस्ट की मांग कर रहे याचिकाकर्ताओं को हलफनामा दायर करने का समय दिया था। सीबीआई, एनटीए और केंद्र सरकार ने 10 जुलाई को अपने हलफनामे दाखिल कर दिए थे। सीबीआई जांच में सामने आया है कि गुजरात के गोधरा में एक सेंटर पर ओडिशा, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य के कैंडिडेटस ने एग्जाम दिया था। आरोपियों ने एग्जाम में कैंडिडेटस को एग्जाम के लिए गुजराती भाषा सिलेक्ट करने को कहा था।




# जयपुर सहित 8 जिलों में बारिश का अलर्ट

## भीलवाड़ा में बिजली गिरने से 2 की मौत; तीन जगह तेज बरसात होने की आशंका



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश का दौर जारी है। गुरुवार भी भरतपुर संभाग के तीन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, जयपुर सहित पांच अन्य जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। 12 जुलाई से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। इस सीजन में प्रदेश में औसत से 16.52 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। पाली जिले के सरायता गांव में एसीबी के सब इंस्पेक्टर मोतीलाल के मकान पर सुबह 6:45 बजे बिजली गिर गई। इससे कमरे की दीवार में दरार आ गई और घर के बिजली उपकरण जल गए। बिजली गिरने से ड्रेसिंग टेबल का शीशा टूट गया और उसमें रखा सामान नीचे गिर गया। हालांकि, परिवार के लोगों को कोई चोट नहीं आई है। उधर, भीलवाड़ा में बुधवार शाम बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई।

**कहां, कितनी बारिश**–पिछले 24 घंटे के दौरान उदयपुर, सिरोही, सीकर, भीलवाड़ा, राजसमंद, पाली, नागौर, जालोर, जयपुर, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, अजमेर, बारां समेत अन्य जिलों में बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ के कपासन में 49 एमएम, जालोर के आहोर में 47, राजसमंद के नाथद्वारा में 53, भीलवाड़ा के शाहपुरा में 26, नागौर के जायल में 28 एमएम बरसात दर्ज हुई।

**बारिश में आएगी कमी**–मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया– आज भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। आज से मानसून ट्रफ लाइन हिमालय की ओर शिफ्ट होने से बारिश की गतिविधियों में कमी होने की भी संभावना है। 11 से 15 जुलाई तक प्रदेश में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की, मध्यम बारिश हो सकती है।

**जेठ–बहू का शव मिला**–भीलवाड़ा के पंडेर थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से बुधवार देर शाम जेठ और बहू की मौत हो गई। दोनों बकरियां चराने गए थे। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की। तब दोनों सुगना पुत्र धन्नालाल रेगर (55) और उनके छोटे भाई छोटू लाल की पत्नी कमला देवी (45) के शव मिले।

# शीना बोरा हत्याकांड– गायब हड्डियां सीबीआई ऑफिस में मिलीं जांच एजेंसी ने कहा- अब इन्हें सबूत के तौर पर पेश नहीं करेंगे

**मुंबई।** शीना बोरा हत्याकांड को लेकर 10 जुलाई को मुंबई की ट्रायल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई ने कोर्ट में बताया कि अप्रैल में गायब हुईं हड्डियां सीबीआई के दिल्ली वाले ऑफिस के मालखाने में मिल गई हैं। यह खुलासा उस दिन हुआ, जब कोर्ट को मिले एक ईमेल में आरोप लगाया गया कि शीना की हड्डियां गायब नहीं हुईं, बल्कि वे एक फोरेंसिक एक्सपर्ट के पास हैं, जिसने उनकी जांच की थी और जो गवाह के तौर पर अदालत के सामने गवाही दे रहा था। ईमेल में आरोप लगाया गया है कि इस गवाह ने अचानक बहुत संपत्ति अर्जित कर ली है। ईमेल भेजने वाले ने खुद को फोरेंसिक विशेषज्ञ का भाई बताया। इन हड्डियों के न मिलने से पिछले महीने फोरेंसिक विशेषज्ञ की गवाही को रोक दिया गया था। हालांकि, सीबीआई ने स्पष्ट किया कि इन अवशेषों को सबूत के तौर पर पेश नहीं किया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इनका स्त्रङ्कक्र में जिक्र नहीं है। प्रॉसिक्यूशन (अभियोजन पक्ष) ने कहा कि उसने सबसे पहले 24 अप्रैल को अदालत को शीना के अवशेषों के लापता होने के बारे में सूचित किया था और 10 जून को कहा कि वे नहीं मिल सके।

अभियोजन के वकील सीजे नंदोडे ने कहा, 'लेकिन इस बीच ऑफिस के मालखाने में दोबारा तलाश करने पर सामान यानी हड्डियां पड़ी मिलीं।' 2012 में ये हड्डियां रायगढ़ के पेण गांव के जंगल से जब्त की गईं थीं।

पहले सीबीआई ने इन्हें शीना बोरा के अवशेष बताया था। हड्डियों को जांच के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेजा गया था। इस मामले में अब तक 91 गवाहों ने गवाही दी है। अगली सुनवाई शुक्रवार 12 जुलाई को होगी।

# कार पर पलटा केमिकल से भरा टैंकर, 4 की मौत

## पहले ट्रेलर से हुई टक्कर; 2 भाई, मां और पत्नी के शव गाड़ी में बुरी तरह चिपके





पुरुषोत्तम उपाध्याय | रेणुका उपाध्याय | मनसुख देवी उपाध्याय | दीनबंधु उपाध्याय

**राजसमंद।** राजसमंद में हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। पहले ट्रेलर और टैंकर की भिड़ंत हुई। इसके बाद केमिकल से भरा टैंकर क्रेटा कार पर पलट गया। कार सवार सभी लोग टैंकर के नीचे दब गए। हादसा चारभुजा थाना सर्किल में राजसमंद–गोमती फोरलेन (उदयपुर–ब्यावर हाईवे) पर मानसिंह का गुढा में हुआ। मरने वाले सभी केलवाड़ा (राजसमंद) के रहने वाले थे। लंबे समय से यह परिवार उदयपुर के हिरणमगरी के सेक्टर 4 में रह रहे थे।

**मरने वालों में 2 भाई, मां और पत्नी शामिल**–एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि हादसा गुरुवार सुबह करीब सवा 8 बजे ढलान नुमा रोड पर हुआ। टैंकर में केमिकल (बेंजीन) भरा था। यह केमिकल बहुत ही अधिक ज्वलनशील होता है। एसपी ने बताया कि गौमती से राजसमंद की ओर केमिकल से भरा टैंकर व ट्रेलर एक ही दिशा में आ रहे थे। इस दौरान मानसिंह का गुढा गांव में केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी साइड में सामने से आ रही कार पर जा गिरा। जिससे कार बुरी तरक से पिचक गई।

### उदयपुर से ब्यावर जा रहे थे क्रेटा कार सवार

एसपी के अनुसार, क्रेटा कार में सवार एक ही परिवार के 4 लोग सुबह उदयपुर से ब्यावर के लिए जा रहे थे। तभी हादसा हो गया। कार में दीनबंधु (32) पुत्र जगदीश उपाध्याय, पुरुषोत्तम उर्फ पवन उपाध्याय (40), पुत्र जगदीश उपाध्याय, रेणुका उपाध्याय (34) पत्नी पुरुषोत्तम उपाध्याय, मनसुख देवी (68) पत्नी जगदीश उपाध्याय सवार थे। दीनबंधु और पुरुषोत्तम सगे भाई थे। रेणुका पुरुषोत्तम की पत्नी थीं। मनसुख देवी दीनबंधु और पुरुषोत्तम की मां थीं।

# ऑनलाइन गेम में 70 हजार हारा, युवक ने किया सुसाइड

**नाथद्वारा (राजसमंद)।** ऑनलाइन सट्टा गेम में 70 हजार रुपए हारने के बाद युवक ने घर में फंदे से लटक कर सुसाइड कर लिया। उसने माता–पिता के बैंक अकाउंट से पैसे निकालकर गेम में लगाए थे। मामला राजसमंद जिले के आमेट कस्बे का बुधवार शाम करीब 7 बजे का है। घटना के वक्त युवक घर में अकेला था। पुलिस ने गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया। आमेट थाना एसआई भूर सिंह ने बताया– आमेट कस्बे के बीकावास क्षेत्र की रैगर बस्ती में रहने वाला शिवराज रैगर (22) पुत्र हजारी लाल रैगर ई–मित्र की दुकान पर काम करता था। उसे ऑनलाइन सट्टा गेमिंग का शौक था। कुछ समय पहले भी वह ऑनलाइन गेम खेलते हुए काफी पैसे गंवा चुका था। एएसआई भूर सिंह ने बताया– परिजन से पता चला है कि बुधवार को शिवराज के पिता हजारी लाल रैगर किसी काम से जोधपुर गए थे।

# सर्विस रिवॉल्वर से सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली

## 2 घंटे तक रुका रहा अंतिम संस्कार; बेटी बोली- दादी बुआ ने टॉर्चर किया था

बढ़ता राजस्थान



**पिलानी (झुंझुनूं)।** राजस्थान के सीआरपीएफ जवान ने मंगलवार को कपूरथला (पंजाब) में सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार जान दे दी थी। गुरुवार सुबह जवान का पार्थिव शरीर झुंझुनूं के पिलानी में पैतृक गांव खेड़ला पहुंचा तो जवान की पत्नी ने 2 घंटे तक अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। पत्नी ने जवान के परिवार की ओर से आए सदस्यों पर आपत्ति जताई। कहा– परिवार पर ही शक है।

जवान की 13 साल की बेटी ने कहा कि दादी, बुआ और बाबोजी (ताऊ) के टॉर्चर ने पापा की जान ले ली। बाद में समझाने पर अंतिम संस्कार हुआ। बेटी और 5 साल के बेटे ने मुखाग्नि दी। इससे पहले, जवान का पार्थिव शरीर को यूनिट के जवानों ने सलामी दी। अंतिम यात्रा में बेटी और 5 साल का बेटा भी शामिल हुए। पुष्प चक्र अर्पित किया।

मॉडर्न जेल में सर्विस रिवॉल्वर से चली थी गोली

जवान अनिल कुमार हीरणवाल (38) पुत्र धर्मपाल सीआरपीएफ में हेड कॉन्स्टेबल थे। पंजाब के कपूरथला जिले की मॉडर्न जेल में उनकी ड्यूटी थी। कपूरथला सब–डिवीजन डीएसपी हरप्रीत सिंह ने बताया– अनिल पिछले कुछ समय से किसी निजी पारिवारिक मामले को लेकर परेशान था। 9 जुलाई (मंगलवार) की शाम ड्यूटी के दौरान अनिल की सर्विस रिवॉल्वर से चली गोली से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कपूरथला के सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया।

एसएमओ संदीप धवन ने बताया– तीन डॉक्टर के बोर्ड से बुधवार को उनका पोस्टमॉर्टम कराया गया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएम योगी का सख्त एक्शन, अवैध जमीन कब्जा मामले में पांच अधिकारी निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य नीति अपनाते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद के सिरसागंज में अवैध भूमि कब्जा मामले में शामिल पांच अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और एक अन्य अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। सरकार की ओर से सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ–साथ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया था। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता और पद के दुरुपयोग के आरोप में की गई है। राज्य के सतर्कता विभाग की ओर से आय से अधिक संपत्ति रखने वाले सभी लोगों के खिलाफ जांच के निर्देश भी जारी किये गये हैं। इससे पहले



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि चाचा–भतीजे की जोड़ी 2017 से पहले हुई सरकारी भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्ट आचरण में शामिल थी। नाम लिए बिना, आदित्यनाथ आमतौर पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव को चाचा–भतीजा (चाचा–भतीजा) कहते हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# प्रत्येक युवा को संबल देना हमारी सरकार का लक्ष्य युवा ऊर्जा से राजस्थान लिखेगा प्रगति की एक नई इबारत : मुख्यमंत्री शर्मा

## बजट में अनेक सौगातें देने के लिए युवाओं ने मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य के परिवर्तित बजट 2024–25 में युवाओं के लिए की गई ऐतिहासिक घोषणाओं के लिए गुरूवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। आभार सभा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा देश के स्वर्णिम भविष्य का आधार हैं। युवाओं की ऊर्जा तथा उत्साह से राजस्थान प्रगति की एक नई इबारत लिखेगा। हमारी सरकार युवाओं के सपनों तथा उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रति पल तथा प्रति क्षण काम कर रही है।

श्री शर्मा ने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए इस वर्ष में 1 लाख नौकरियां की घोषणा की गई है। राज्य सरकार सार्वजनिक, निजी तथा व्यावसायिक सहित सभी क्षेत्रों में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उस प्रतिभा को सामने लाने की। सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, संभाग स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज तथा 'खेलो राजस्थान यूथ गेम्स' जैसी घोषणाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को सामने लाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय युवाओं के सपनों पर कुठाराघात किया गया था और पेपरलीक जैसे मामलों से युवाओं को बड़ा आघात पहुंचा था। उन्होंने कहा कि वे युवाओं का दर्द समझते हैं तथा इन प्रकरणों में कड़ी कार्रवाई करते हुए किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।



### हर क्षेत्र में युवाओं को दिए जाएंगे रोजगार के अवसर

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। इससे न केवल युवा बल्कि उनके परिवारजनों को भी सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शीघ्र ही राजस्थान इनवेस्टमेंट समिट का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश एवं विदेशों से बड़े–बड़े उद्योगपति भाग लेंगे। समिट के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के नवीन अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि आगामी समय में हर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से मिलकर संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।